निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 1 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 312 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



असम के भेरगांव में चुनाव प्रचार के दौरान लोगों से मिलते झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन

# आदिवासियों के इशारे पर चलेगी असम की सरकार : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम की मजबत विधानसभा से जेएमएम प्रत्याशी प्रीति रेखा बारला के पक्ष में पारंपरिक असमिया वेशभूषा और गामोछा धारण कर जनसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए आदिवासी समाज और चाय बागान मजदूरों की एकजुटता पर जोर दिया। हेमंत सोरेन ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा द्वद हमें हफ्तों पहले आवेदन देने के बावजूद सभा की अनुमति नहीं दी जाती जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को मात्र दस मिनट में अनुमति मिल जाती है। यह लोकतंत्र में स्पष्ट भेदभाव है। उन्होंने कहा कि यदि आज आपने अपने अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाई तो भविष्य में संघर्ष करने की शक्ति भी क्षीण हो जाएगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के चाय बागानों में लाखों आदिवासी मजदूर निवास करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि यदि आज यह समाज अपनी एकजुटजुता दिखाने में विफल रहा तो भविष्य में अपनी आने वाली पीढ़ियों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने के लिए उनके पास पर्याप्त शक्ति और संसाधन शेष नहीं बचेंगे। उन्होंने कहा कि देश का विशाल चाय उद्योग पूरी तरह से आपकी कर्मठता पर टिका हुआ है लेकिन विडंबना है कि सरकार के स्तर पर उन्हें वह सम्मान और अधिकार नहीं मिल पा रहा है, जिसके वे हकदार हैं। हेमंत सोरेन ने कहा देश को बेचने वालों को सबक सिखाना जरूरी है। आपके एक वोट में आपकी वृद्धा पेंशन, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, राशन, महंगाई से राहत और सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं छिपी हैं। एक वोट किसी को कुर्सी पर बैठा सकता है और किसी को उतार सकता है। हम शिबू सोरेन के सिपाही हैं और संघर्ष करना जानते हैं। असम में शोषित और वंचित समाज, खासकर आदिवासी समाज के साथ सदियों से भेदभाव होता रहा है। उनकी बिजली काट दी जाती है, चाय बागान में उन्हें नाम मात्र की ही मजदूरी मिलती है, उन्हें आवास भी नहीं दिया जाता है। ऐसा सौतेला व्यवहार क्यूं? मगर अब और नहीं, तीर-धनुष दिलाएगा मेरे इन भाइयों-बहनों को हक-अधिकार। असम के शोषित, वंचित और आदिवासी समाज की आवाज है तीर-धनुष। आपका यही विश्वास और आशीर्वाद मेरी ताकत है।



## दुकान से 22 लाख का गहना लेकर बदमाश फरार


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में एक बार फिर अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आए। ओलिडीह थाना क्षेत्र के रोड नंबर एक स्थित एक ज्वैलरी दुकान में मंगलवार को दिनदहाड़े बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और व्यापारियों में भय का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 11:30 बजे विश्वनाथ ज्वेलर्स की है। एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचा और दुकानदार से गहने दिखाने की बात कही। दुकानदार ने सामान्य ग्राहक समझकर उसे गहनों से भरा डिब्बा दिखाया। बदमाश ने बड़ी चालाकी से स्थिति का जायजा लिया और मौके की तलाश में रहा। इसी दौरान दुकानदार किसी दूसरे काम में व्यस्त हो गया। बस यही मौका देखकर बदमाश गहनों से भरा डिब्बा लेकर वहां से फरार हो गया। जब तक दुकानदार को घटना की भनक लगी, तब तक आरोपी दुकान से काफी दूर निकल चुका था। चोरी गए गहनों की कीमत लगभग 22 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही दुकानदार ने ओलिडीह थाना में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई जिसमें आरोपी की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस अब उसी आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में डर और चिंता का माहौल है। दिनदहाड़े इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## कथित शराब घोटाले को लेकर सियासत गरम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 750 करोड़ रुपए से अधिक के कथित शराब घोटाले को लेकर सियासत गरमा गई है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को पत्र लिखकर इस पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि एजेंसी निष्पक्ष जांच करने के बजाय सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आर्थिक अपराध में अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं होना खुद में संदेह पैदा करता है। बाबूलाल मरांडी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2022 में उत्पाद नीति में बदलाव कर एक सिंडिकेट को लाभ पहुंचाया गया, जिससे राज्य को भारी राजस्व नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि शुरुआत में 38 करोड़ रुपए का मामला अब बढ़कर 750 करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है। एसीबी ने मई 2025 में कई अहम अधिकारियों और संबंधित लोगों को गिरफ्तार किया था, लेकिन 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं करने के कारण अधिकांश आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह देरी जान-बूझकर की गई ताकि आरोपियों को कानूनी राहत मिल सके। मामले में एसीबी की कार्यप्रणाली पर सवाल तब और गहरे हो गए जब छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी नवीन केडिया गिरफ्तारी के बाद फरार हो गया। जनवरी 2026 में गोवा से गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट बेल मिली और वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। बाबूलाल मरांडी ने इसे एजेंसी की बड़ी विफलता बताते हुए कहा कि इतने गंभीर मामले में आरोपियों का फरार होना जांच की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि 17 में से 14 आरोपियों को जमानत मिल जाना इस बात का प्रमाण है कि जांच कमजोर तरीके से की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि वे इस मामले में संवैधानिक दायित्व निभाते हुए हस्तक्षेप करें। उन्होंने एसीबी को तत्काल चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश देने और पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की अनुशंसा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक घोटाला नहीं बल्कि राज्य की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता पर बड़ा सवाल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो जनता का विश्वास पूरी तरह खत्म हो सकता है।



## गढ़वा में जंगली हाथी ने दो को कुचला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले में पिछले 24 घंटे में जंगली हाथियों के झुंड ने दो लोगों को कुचल कर मार डाला। रंका के बाहोकुदर में सोमवार को घटना घटी थी। धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनी धौरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां महुआ चुनने गए एक बुजुर्ग व्यक्ति की जंगली हाथी के हमले में मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। मृतक की पहचान 62 वर्षीय दईब कोरवा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दईब कोरवा महुआ चुनने के लिए बियवादामर जंगल गए थे, देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। सोमवार को जब परिजन और ग्रामीण उनकी खोज में जंगल पहुंचे तो उनका शव बरामद हुआ। शव के आसपास हाथियों के पैरों के निशान मिलने से साफ हुआ है कि उनकी मौत जंगली हाथियों के हमले में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों का झुंड सक्रिय है। आशंका जताई जा रही है कि दईब कोरवा अनजाने में हाथियों के संपर्क में आ गए, जिसके बाद हाथियों ने उन्हें कुचल दिया। हमला इतना भीषण था कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के वनपाल प्रमोद कुमार यादव और धुरकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही इलाके में हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथी ने सो रहे लोगों पर किया हमला

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। ताजा मामला सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरकुंडीय गांव के तुरामडीह टोला का है, जहां सोमवार देर रात करीब 11 बजे एक जंगली हाथी ने अचानक हमला कर दिया। इस दर्दनाक घटना में 57 वर्षीय चांदो देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 60 वर्षीय लखन कुदादा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद में परिजनों को सौंप दिया है।

### डंडे से मारकर अधेड़ की हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के छिछवाणी में प्रेम प्रसंग को लेकर हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। कामिल टोप्पो ने अपने ही गांव के राजेंद्र कुमार मिंज की डंडे से मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। मंगलवार सुबह लगभग दस बजे ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक एक ही महिला से प्रेम करते थे और इसी बात को लेकर लंबे समय से उनमें विवाद चल रहा था। एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है।

### पैरी माइंस के पास बोरे में मिला महिला का शव

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मेघातरी स्थित पैरी माइंस के पास सड़क किनारे जंगल से एक महिला का अर्धनग्न शव बरामद हुआ है। महिला की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, मेघातरी के कुछ ग्रामीण सुबह-सुबह जब सड़क किनारे टहल रहे थे तो उन्हें प्लास्टिक के बोरे में कुछ दिखाई दिया। इसके बाद जब लोग नजदीक गए तो उन्होंने देखा कि वहां प्लास्टिक के बोरे में एक महिला का पैर बोरे से बाहर निकला हुआ है। सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

### बस-बाइक की टक्कर में युवती की मौत

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** मंगलवार को आशीर्वाद बस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर चार लोग सवार थे। घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र के घोरीचक चौक के नजदीक हुई। हादसे की सूचना मिलते ही बलबड्डा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेहरमा पहुंचाया गया। वहां डॉ. प्रणव राज ने जूली कुमारी को मृत घोषित कर दिया।

## पेयजल घोटाला मामले में तीन पर चार्जशीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित पेयजल घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है। 23 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी से जुड़े इस मामले में ईडी ने मास्टरमाइंड संतोष कुमार, उसकी पत्नी ललिता सिन्हा और उसकी कंपनी रॉकड्रिल कंस्ट्रक्शन को आरोपी बनाया है। ईडी ने रांची के सदर थाना में दर्ज केस के आधार पर ईसीआईआर संख्या 4/24 दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। इससे पहले अक्टूबर 2024 में ईडी ने इस मामले में तत्कालीन सचिव, मंत्री के करीबी लोगों और विभाग के कई इंजीनियरों के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। दरअसल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रमंडल और जल जीवन मिशन के कार्यों में भारी अनियमितता सामने आई थी। जांच में पाया गया है कि विभागीय अधिकारियों और इंजीनियरों की मिलीभगत से 72 चेक के जरिए करीब 23 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी की गई। इस मामले में रांची के सदर थाना में कांड संख्या 562/2023 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके बाद कैशियर संतोष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जांच के दौरान ईडी को पता चला कि घोटाले की रकम को संतोष कुमार ने अपनी पत्नी ललिता सिन्हा के खातों और अपनी ही बनाई कंपनी रॉकड्रिल कंस्ट्रक्शन के खाते में ट्रांसफर किए गए। संतोष कुमार, खुद इस कंपनी के निदेशक है। इससे पहले रांची पुलिस ने संतोष कुमार के सुखदेवनगर स्थित ससुराल और अन्य ठिकानों से 50.98 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। मामले में विभागीय अफसरों और इंजीनियरों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। इसके साथ ही टेंडर आवंटन में कमीशनखोरी को लेकर भी कई लोग ईडी की रडार पर हैं।

## छह क्विंटल डोडा और अफीम जब्त, किंगपिन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नामकुम थाना क्षेत्र के बुदरी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित डोडा और अफीम बरामद किया है। नामकुम पुलिस ने इसके किंगपिन को गिरफ्तार भी किया है। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और नशा कारोबारियों में डर का माहौल देखा जा रहा है। पुलिस की छापेमारी के दौरान एक घर से करीब 6 क्विंटल डोडा और लगभग आधा किलो अफीम बरामद किया गया। इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ की बरामदगी इस बात की ओर इशारा करती है कि यह कोई संगठित गिरोह का हिस्सा हो सकता है। पुलिस ने मौके से कई अहम सुराग भी जुटाए हैं। इस मामले में पुलिस ने घर के मालिक मनीष तिर्की को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि वह अवैध रूप से डोडा और अफीम का भंडारण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी की बोलेरो गाड़ी भी जब्त कर ली है, जिसका इस्तेमाल इस अवैध कारोबार में किया जा रहा था। आरोपी से पूछताछ जारी है और उससे कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है। मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले की सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय प्रथम) और नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनारायण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। हालांकि इतनी बड़ी बरामदगी के बावजूद पुलिस फिलहाल पूरे मामले पर ज्यादा जानकारी देने से बच रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे नेटवर्क और अन्य आरोपियों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेगी। इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी मुहिम के रूप में देखा जा रहा है। लगातार हो रही छापेमारी से यह साफ संकेत मिल रहा है कि प्रशासन अवैध नशा कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है।

## रिटायर्ड आर्मी के घर से 20 लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे घर में घुसकर बच्चों तक को बंधक बनाने से नहीं हिचक रहे। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मिश्रीडीह मोड़ में बीती रात डकैतों ने ऐसे वारदात को अंजाम दिया, जिसने पूरे इलाके की नींद उड़ा दी है। आर्मी रिटायर्ड हवलदार कैलाश प्रसाद मिश्रा के घर पर करीब दस की संख्या में नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोला। अपराधियों ने सबसे पहले घर के बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद डकैतों ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये नकद और लगभग बीस लाख रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर लेकर फरार हो गए ताकि पुलिस के हाथ कोई सुराग न लग सके। घर के मालिक कैलाश प्रसाद मिश्रा का कहना है कि वे रात में खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए थे। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने किसी नशीले पदार्थ का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें भनक तक नहीं लगी।

## असम जाने के दौरान देवघर में कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड के गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को असम विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए रवाना हुईं। इस दौरान जब वह देवघर एयरपोर्ट पहुंचीं तो पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट परिसर में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे माहौल में उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू भी उनके साथ मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) देवघर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। स्वागत कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें केंद्रीय समिति सदस्य परिमल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मनोज दास, देवघर मेयर रवि राउत, वरिष्ठ नेता सुरेश शाह, महानगर अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार चौधरी प्रमुख रूप से शामिल थे। इसके अलावा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम देवी और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में महिला और युवा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। हीरा देवी, संतोषी शर्मा, जय नाथ मंडल, पप्पू गुप्ता, शहनाज परवीन, पार्षद अमरेश ज्योति, सचिन राउत और अभिषेक कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर कल्पना सोरेन का स्वागत किया। कल्पना सोरेन के असम चुनाव प्रचार के लिए रवाना होने को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। एयरपोर्ट परिसर में नारेबाजी और स्वागत कार्यक्रम के दौरान जोश का माहौल बना रहा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके प्रचार से असम चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी।



Reg No. JHENG/25/A4874
THE EASTERN VOICE
Another Launching from
NAVBIHAR TIMES GROUP
THE EASTERN VOICE
'English Daily Newspaper
Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand
Email Id-theeasternv@gmail.com
Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (BiharJharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)
Contact:- 6206165107, 7295863300

# झंडा मैदान में जेएमएम का 53वां स्थापना दिवस समारोह

## कई नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता अभियान तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का 53वां स्थापना दिवस सोमवार को शहर के झंडा मैदान में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और पार्टी के प्रति उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, टुंडी विधायक मथुरा महतो, पूर्व मंत्री बेबी देवी, महापौर प्रमिला मेहरा, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक केदार हाजरा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।





इसके अलावा जिला अध्यक्ष संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शालिनी गुप्ता और प्रणव वर्मा भी मंच पर मौजूद रहे समारोह की शुरूआत पार्टी के संस्थापक शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। साथ ही पार्टी के अन्य आंदोलनकारी नेताओं को भी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों की भागीदारी रही इस अवसर पर सदस्यता अभियान भी चलाया गया। पोषण सखी संघ से इस्तीफा देने वाली प्रमिला कुमारी के नेतृत्व में कई महिलाओं ने जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों का स्वागत पार्टी नेताओं ने अंगवस्त्र पहनाकर किया।समारोह के दौरान कई कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का चित्र भेंट कर सम्मान प्रकट किया। वहीं वक्ताओं ने अपने संबोधन में केंद्र और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा और राज्य सरकार की योजनाओं, खासकर मईया सम्मान योजना, को बड़ी उपलब्धि बताया अपने संबोधन में विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि स्थापना दिवस सिर्फ एक तिथि नहीं, बल्कि झारखंड के आंदोलनकारियों के संघर्ष की याद दिलाने वाला दिन है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह की जनता ने उन्हें बेटी के रूप में अपनाया है और यही ऊर्जा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है वहीं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड को बचाने और बनाने में जेएमएम का बड़ा योगदान रहा है और राज्य के हर कोने में आंदोलनकारियों की पहचान मौजूद है।

# माता रानी के विसर्जन में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** थाना मोड़ देवरी में आयोजित चैत्र नवरात्र पूजा महोत्सव का समापन मंगलवार को आस्था, भक्ति और भव्यता के साथ हुआ। 12 दिनों तक चले इस महा-अनुष्ठान के अंतिम दिन माता रानी के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं का ऐतिहासिक जनसैलाब उमड़ पड़ा सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिति, थाना मोड़ देवरी द्वारा विगत 29 वर्षों से इस महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के साथ किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष फुलचंद हाजरा एवं सचिव सुखदेव हाजरा ने बताया कि वर्ष 1998 से क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस महायज्ञ की शुरूआत हुई थी, जो आज एक विशाल धार्मिक आयोजन का रूप ले चुका है पूरे महोत्सव के दौरान क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

प्रतिदिन स्थानीय कलाकारों एवं दूर-दराज से आए कीर्तन मंडलियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे पूजा स्थल की भव्यता और बढ़ गई।महाष्टमी के अवसर पर 551 महिलाओं एवं कन्याओं ने भव्य कलश शोभा यात्रा में भाग लिया, जो श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनी।

महानवमी पर हवन-पूजन, कन्या पूजन, ब्राह्मण भोज एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया विजयादशमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुति हुई। मुकेश देहाती नाच पार्टी एवं बबलू म्यूजिशियन के कलाकारों ने शानदार नृत्य और संगीत से दर्शकों का मन मोह लिया। दिलीप जोकर एवं मदन जोकर की हास्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा



पूरे मेले में सुरक्षा की दृष्टि से 16 सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन की सतर्क निगरानी में यह आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अंतिम दिन माता रानी के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नम आंखों से भक्तों ने माता को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। इस अवसर पर पूजा समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बलियापुर घटना पर कांग्रेस का तीखा रुख, थाना प्रभारी के निलंबन की मांग

**गिरिडीह (नबिटासं)।** गिरिडीह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने धनबाद जिले के बलियापुर में हुई घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बलियापुर थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्तियों को आतंकवादियों की तरह सड़क पर परेड कराना और उनकी कमर में रस्सा बांधकर ले जाना बेहद आपत्तिजनक और असंवैधानिक है केडिया ने बताया कि वह कांग्रेस द्वारा आयोजित जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में गिरिडीह से बाहर थे। वापस लौटते ही वे पीड़ित परिवार से मुलाकात कर स्थानीय पुलिस के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे उन्होंने कहा कि रामनवमी के दिन बलियापुर में हुई घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी का रुख पूरी तरह स्पष्ट है—जो भी दोषी हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन बिना दोष सिद्ध हुए किसी व्यक्ति के साथ इस तरह का व्यवहार करना कानून के खिलाफ है और यह न्याय के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है कांग्रेस नेता ने कहा कि बिना पूरी जांच और सच्चाई सामने आए किसी भी समुदाय को निशाना बनाना गलत है। ऐसे संवेदनशील समय में सभी राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की जिम्मेदारी है कि वे शांति और भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करें उन्होंने राज्य के माननीय मुख्यमंत्री से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस मामले में पुलिस की भूमिका की भी जांच हो और संबंधित आरक्षी अधीक्षक एवं बलियापुर थाना प्रभारी पर सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही केडिया ने हजारीबाग में हुई हिंसा और दुष्कर्म की घटना की भी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो, उसे अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए अंत में उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा कि इससे ही सच्चाई सामने आएगी और समाज में शांति कायम रह सकेगी।

### अंबेडकर जयंती को लेकर लक्ष्मीपुर पंचायत में बैठक

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** आगामी 14 अप्रैल को बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं गरिमामय तरीके से मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता विमल रविदास ने की। इस दौरान विकाश सिंह जाटव उर्फ बमबम ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने संविधान, समानता, शिक्षा और अधिकार के जो संदेश दिए, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस आयोजन में सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सामाजिक एकता एवं भाईचारे का परिचय दें।कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी, माल्यार्पण, विचार गोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से बाबा साहेब के विचारों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने एवं समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस बैठक में कुलदीप कुमार, रविकांत कुमार, नीतीश, अरुण, श्रीकांत, चंदन, उदय, अंकज सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



### बिहारशरीफ पूर्वी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** बिहारशरीफ विधानसभा अंतर्गत पूर्वी मंडल में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिकला सिन्हा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार उर्फ डब्लू ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यकताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अमरकांत भारती, शैलेन्द्र गुप्ता, संजय कुमार उर्फ मुखिया जी, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कुंडलपुर महोत्सव में गायक दीपक जैन ने दी भक्तिमय प्रस्तुति

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** अहिंसा एवं शांति के विश्व उद्घोषक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राजकीय "कुण्डलपुर महोत्सव-2026" में सुविख्यात भक्ति गायक दीपक जैन ने अपना जलवा बिखेर उपस्थित दर्शकों-श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने भक्ति-गीतों से न केवल बिहार, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले जाने-माने गायक नवादा निवासी दीपक जैन ने " अपनी जादुई आवाज में जैन धर्म के जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर जीवन चरित्र पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने "हिंसा पीड़ित विश्व राह महावीर की तकता है, वर्त्तमान को वर्द्धमान की आवश्यकता है.." की उत्कृष्ट एवं सारगर्भित प्रस्तुति दे जहां वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर के सिद्धांतों व आदर्शों की प्रसांगिकता से श्रोताओं के साक्षात्कार कराया, वहीं उनकी "हो रही जय-जयकार ओ महावीरा तेरी.." की भव्य प्रस्तुति पर महोत्सव पांडाल में मौजूद देश के विभिन्न हिस्सों के श्रोताओं को झूमने व नृत्य करने पर विवश कर दिया। सुर-ताल के अद्भुत संगम के बीच गायक कलाकार दीपक जैन की भक्तिमय प्रस्तुति पर देश के विभिन्न हिस्सों से महोत्सव में शिरकत करने आये श्रद्धालुओं ने भक्ति गंगा में खूब डुबकी लगाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा पर्यटन विभाग, बिहार एवं नालंदा जिला प्रशासन की ओर से समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने उन्हें अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य आगाज, दीप प्रज्वलित कर मंत्रियों ने किया उद्घाटन

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र कुंडलपुर में आयोजित कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह महोत्सव न केवल नालंदा की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है, बल्कि पर्यटन विकास को भी नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

# जमुआ में ज्वेलर्स से 15 लाख की लूट, विधायक ने जताई कड़ी नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बासमनडीह निवासी श्री सीताराम स्वर्णकार वंदना ज्वेलर्स, कोदम्बरी चौक के साथ घर लौटने के दौरान अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर लगभग 15 लाख रुपये की ज्वेलरी लूट ली। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है घटना की जानकारी मिलते ही जमुआ विधायक मंजू कुमारी मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली।



उन्होंने इस घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए प्रशासन को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए विधायक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले की जल्द से जल्द जांच कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा लूटे गए जेवरात की शीघ्र बरामदगी की जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी दोषियों को जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का कार्य करें, ताकि आम जनता के बीच पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रह सके।स्थानीय लोगों ने भी क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# हजारीबाग की घटना पर रालोजपा का आक्रोश, सीबीआई जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने हजारीबाग जिले के बिशनगढ़ में हुई वीभत्स एवं हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सरकार से इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई से कराने की मांग की है राज ने कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय, समयबद्ध और निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।

उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, सुरक्षा एवं मनोसामाजिक सहयोग प्रदान करने की भी अपील की उन्होंने आगे कहा कि रालोजपा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राज्य महिला आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराएगी और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग करेगी राजकुमार राज ने सरकार से आग्रह किया कि ऐसे जघन्य अपराधों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# वरेण्य कवि और महान भाषा वैज्ञानिक थे डॉ. मुरलीधर श्रीवास्तव 'शेखर'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** संस्कृत, अंग्रेजी, बँग्ला और हिन्दी समेत अनेक भाषाओं के उद्भट विद्वान तथा महान शिक्षाविद डा मुरलीधर श्रीवास्तव 'शेखर' माँ भारती की सेवा करने वाले उन अंगुली-गण्य महापुरुषों में परिगणित होते हैं, जिन्होंने अपनी सर्वतोभावेन सेवा से वाग्देवी का विपुल और विमल आशीष प्राप्त किया। 'हिन्दी धातु कोश' का सृजन कर, भाषा-परिष्कार के लिए उन्होंने जो कार्य किया, वह दुर्लभ है। वे विद्वता के पर्याय और वाग्मिता के दृष्टांत थे।

उनकी कविताएँ तो ललिता देवी की कृपाओं से अलंकृत होती ही थी, उनके व्याख्यान और गद्य भी काव्य-लालित्य से पूर्ण होते थे। यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयन्ती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन और प्रचार में शेखर जी का अवदान अतुल्य और नमनीय है। उनकी प्रतिभा बहुमुखी थी। विषय चाहे जो हो, साहित्य, दर्शन, कला, संस्कृति, विज्ञान, सामाजिक-सरोकार अथवा राजनीति, सभी विषयों पर वे अधिकार पूर्वक मोहक व्याख्यान देने में समर्थ थे। भारत, भारती और भारतीय संस्कृति के वे महान ध्वज-वाहक थे। उनके तीनों पुत्रों प्रो शैलेंद्रनाथ श्रीवास्तव, डा रवीन्द्र राजहंस और डा वीरेंद्र नाथ और तीनों पुत्र-वधुओं डा वीणारानी श्रीवास्तव, डा आरती राजहंस तथा डा मधु वर्मा ने भी उनकी ज्ञान-परंपरा और साहित्य-सेवा की विरासत को अग्रगामी बनाया। डा सुलभ ने सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष प्रो केसरी कुमार और व्यंग्य के सुख्यात कवि डा रवीन्द्र राजहंस को भी स्मरण किया और कहा कि केसरी जी एक महान समालोचक और राजहंस जी व्यंग्य-साहित्य को नया आयाम देने वाले कवि थे। उनकी कविता 'कहाँ मिलता है भला आदमी?ह्व इसके उदाहरण में प्रस्तुत किया जा सकता है। समारोह के मुख्य अतिथि और बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने कहा कि आज स्मरण किए गए तीनों साहित्यिक विभूतियाँ लोकप्रिय प्राध्यापक, मनीषी विद्वान और अपने समय के महान कवि थे। अपनी कृतियों में वे सदैव अमर रहेंगे। मुरलीधर श्रीवास्तव जी अद्भुत वक्ता थे। उनके साहित्य और व्याख्यान से अमृत की वर्षा होती थी। उनके पुत्र पद्मश्री डा रवींद्र राजहंस, जो कौलेज ऑफ कौमर्स में अंग्रेजी के प्राध्यापक थे।



# गिरिडीह के युवा नेतृत्व की नई पहचान : राहुल बर्मन के हाथों में तीन बड़ी जिम्मेदारियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गर्व की बात है कि महज 35 वर्ष की उम्र में युवा समाजसेवी राहुल बर्मन अब एक साथ तीन महत्वपूर्ण संस्थाओं की बागडोर संभालेंगे। हाल ही में उन्हें लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट का नया अध्यक्ष चुना गया है। गौरतलब है कि लायंस क्लब विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्थाओं में से एक है, ऐसे में इस पद पर चयन अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। राहुल बर्मन पहले से ही गिरिडीह के व्यापारिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स, गिरिडीह के अध्यक्ष गिरिडीह सराफा संघ के अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। एक साथ तीन संस्थाओं का नेतृत्व उनकी कार्यक्षमता, नेतृत्व क्षमता और समाज में मजबूत पकड़ को दशार्ता है शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। पिछले 15 वर्षों से वे चाणक्य पब्लिक स्कूल के निदेशक अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।

उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय को झारखंड सरकार द्वारा रख-रखाव की श्रेणी में 5 स्टार रेटिंग मिल चुकी है। इससे स्थानीय बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है और आसपास के छात्र-छात्राएं यहीं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं हालांकि राहुल बर्मन किसी राजनीतिक दल से सीधे तौर पर जुड़े नहीं हैं, लेकिन उनके सौम्य व्यवहार और समन्वय क्षमता के कारण सभी दलों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। कम उम्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन यह दशार्ता है कि राहुल बर्मन दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व क्षमता वाले युवा हैं। निश्चित रूप से उनका यह सफर गिरिडीह के सामाजिक, शैक्षणिक और व्यापारिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

### नाइट 10 क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में पहली बार आयोजित नाइट ळ-10 क्रिकेट टूनार्मेंट इन दिनों खेल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन कटिहार शाखा-1 के तत्वावधान में आयोजित स्व.दिग्विजयनाथ पांडेय मेमोरियल अंतर विभागीय -10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 रेलवे ग्राउंड में पूरे रोमांच के साथ खेला जा रहा है। जिसका फाइनल मुकाबला आरपीएफ बनाम इंजीनियरिंग टीम के बीच खेला जाएगा। जिसमें विजेताओं को डीआरएम किरेंद्र नरह द्वारा सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। मजदूर यूनियन शाखा-1 के सचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से अब फाइनल मुकाबला मंगलवार की जगह बुधवार को निर्धारित किया गया है।

# कांग्रेस नेता ने विधायक कल्पना सोरेन से की शिष्टाचार मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बुधवार को न्यू सर्किट हाउस में गांडेय की विधायिका एवं झामुमो की वरिष्ठ नेत्री कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की इस दौरान धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में गठबंधन की सरकार है और कल्पना सोरेन पार्टी के कार्यक्रम के सिलसिले में गिरिडीह आई हुई थीं। इसी क्रम में उन्होंने औपचारिकता के तहत उनसे मुलाकात की।



मुलाकात के दौरान चंद्रशेखर सिंह भी उनके साथ मौजूद थे यह मुलाकात पूरी तरह सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई, जिसमें स्थानीय राजनीतिक हालात और सामान्य विषयों पर चर्चा होने की जानकारी सामने आई है।

# प्रखंड कार्यालय में माले की बैठक, संगठन विस्तार व नवीनीकरण पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाकपा माले प्रखंड कमिटी एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव मसूदन कोल ने की। बैठक में पार्टी नवीनीकरण रिन्यूअल संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।जिला कमिटी सदस्य कन्हाई पांडेय ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर विस्तार जरूरी है। उन्होंने 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक मजदूरों एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में बालमुकुंद फैक्ट्री के रवैये तथा मजदूरों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि इस संबंध में निरसा विधायक अरूप चटर्जी द्वारा आवाज उठाई गई थी, जिस पर श्रम मंत्री की ओर से भी जवाब मिला है। उम्मीद जताई गई कि एक माह के भीतर मजदूरों के पक्ष में सकारात्मक पहल होगी साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में लाल झंडा चार बार रह चुका है और अब एक बार फिर जनता बदलाव चाहती है।



उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि हर बूथ पर कम से कम 15 साथियों को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में 70 प्रतिशत आबादी गरीब, मजदूर और किसान हैं, वहां अमीर उम्मीदवारों को वोट देने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार करने की जरूरत है प्रखंड सचिव मसूदन कोल और अध्यक्ष किशोर राय ने कहा कि संगठन विस्तार के साथ-साथ 1 मई को पांच हजार लोगों की जुटान का लक्ष्य रखा गया है बैठक में जामवाद, नवासार, बलहो, धावाटांड़, भरकट्टा, नौवाटोली और फुलची समेत विभिन्न गांवों से आए कई साथियों ने भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया इस अवसर पर कन्हाई पांडेय, मसूदन कोल, मोहन कोल, गुलाब कोल, राजू दास, सोनू सिंह, हीरालाल पंडित, बबलू राय, हुबलाल राय, पूरण सिंह, नरेश कुमार, दीपक गोस्वामी, नवीन पांडेय, लखन कोल, किशोर राय, बीरेंद्र चौधरी, अजीत सिंह, मेरुलाल हांसदा, दिलेश्वरी कोल, आरती देवी, राबड़ी देवी, बालेश्वर मुर्मू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शांति और सद्भावना समिति की बैठक

## न कोई निर्दोष फंसेगा, न कोई दोषी बचेगा : एसएसपी

**मामला बलियापुर थाना क्षेत्र के भीखराजपुर का**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** राम नवमी के दिन बलियापुर थाना क्षेत्र के भीखराजपुर में हुई घटना को लेकर मंगलवार को बलियापुर थाना परिसर में शांति एवं सदभावना समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएसपी प्रभात कुमार ने की। इस दौरान पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में घटना की कड़ी निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। वहीं कुछ लोगों ने यह भी आग्रह किया कि जांच के दौरान निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए और उनके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाया जाए।

सभी पक्षों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद एसएसपी प्रभात कुमार ने स्पष्ट शब्दों में भरोसा दिलाया कि पुलिस किसी भी प्रकार की दुर्भावना से कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि ह्लन तो किसी निर्दोष को फंसाया जाएगा और न ही किसी दोषी को बख्शा जाएगा।ह्व उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और पारदर्शी जांच में जुटी हुई है।

एसएसपी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक हैं और समाज के सभी वर्गों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे घटना में शामिल शरारती तत्वों की पहचान करने में पुलिस की मदद करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बेवजह डरने या भागने की जरूरत नहीं है, निर्दोष लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। फरार आरोपियों को लेकर एसएसपी ने साफ कहा कि वे जल्द से जल्द आत्मसमर्पण करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून के दायरे में आने वालों के साथ नियमानुसार सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाएगा।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने समाज में आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि नफरत फैलाने वाले तत्व अंततः स्वयं ही उसका शिकार बनते हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने, शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

इस बैठक में सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, एडीएम विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद, एसडीएम लोकेश बारंगे, सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष सत्यम, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, निरसा विधायक अरुप चटर्जी, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, तारा देवी, थाना प्रभारी सत्याजीत कुमार, अंचल निरीक्षक नूतन मोदी, सीओ मुरारी नायक, बीडीओ पीसी दास सहित कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कुल मिलाकर बैठक का मुख्य उद्देश्य शांति, सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा, जिसमें सभी वर्गों ने मिलकर सहयोग का आश्वासन दिया।

## चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी आग

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रखंड के गजवा पंचायत अंतर्गत सिदराडीह गांव में सोमवार को अचानक एक घर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में रसोई घर सहित एक अन्य कमरा जलकर राख हो गया, जिससे करीब ढाई से तीन लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिदराडीह निवासी जगदीश यादव के घर में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बन रहा था। इसी दौरान अचानक रसोई घर में आग लग गई, जो देखते ही देखते तेज हो गई और बगल के कमरे को भी अपनी चपेट में ले लिया। घर के सदस्यों ने तत्काल शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया।ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।घटना के समय जगदीश यादव टेटरवार में आयोजित पुनित पब्लिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में मौजूद थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जनार्दन पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल थे। आग लगने की सूचना मिलते ही सभी लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग किया।बताया गया कि रसोई घर में रखा गैस सिलेंडर सुरक्षित बचा लिया गया।

# उपायुक्त ने दिया निक्षय मित्र अभियान तेज करने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** जिले में टीबी नियंत्रण को लेकर प्रशासन ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। सोमवार को एएस एंड एमडी, भारत सरकार अराधना पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में चल रहे आयुष्मान आरोग्य शिविरों के तहत बेरमो प्रखंड सहित सभी चिन्हित जोखिम वाले क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर टीबी जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर संभावित मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित की जाए। टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार के लिए निक्षय मित्र अभियान को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों को विशेष पत्र जारी किया जाएगा, जिससे अधिकारी, कर्मचारी और समाज के प्रबुद्ध नागरिक इस अभियान से जुड़कर मरीजों को पोषाहार किट उपलब्ध करा सकें।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि ई-पोषण अभियान को 100 दिवसीय अभियान के साथ जोड़कर समन्वित रूप से संचालित किया जाए, ताकि टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ पोषण सहायता भी निरंतर मिलती रहे।

इन प्रयासों से जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को नई दिशा और गति मिलेगी।

# अभियान के तहत भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हंटरगंज(चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी हंटरगंज मंडल, पांडेपुरा मंडल और जोरी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड के बहेरी स्थित जीरामणि कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा-अभियान 2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को संगठन और सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी देना था। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुए।

कार्यशाला में श्री पासवान ने संगठन की मजबूती, सेवा भाव एवं जनहित में समर्पित रहकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का संदेश दिया। वही कई वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का घर-घर जाकर प्रचार करना चाहिए। कोई भी पार्टी तभी मजबूत होती है जब उसका संगठन मजबूत हो। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि उनका हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए।

यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक साबित हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा,जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर आर्य,शिवकुमार चौबे ,सुनील चौरसिया, सतीश सिंह, हंटरगंज मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह,जोरी मंडल अध्यक्ष गायत्री साहू, पांडेपूरा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि रोशन कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह मुन्ना, गुंजित कुमार सिंह, नागेन्द्र यादव, बहोरी सिंह,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अतिक्रमण से मुक्त एवं जर्जर स्टेडियम का अविलंब जीर्णोद्धार कराया जाय : कांग्रेस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** अति प्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गयाजी का ऐतिहासिक गांधी मैदान जिसमें नगर निगम के कूड़े का अम्बार, नालियों का पानी, गंदगी, सूखा तालाब, शहर का एक मात्र जर्जर हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम तथा इसके चारों ओर के बाउंड्रीवाल के अतिक्रमण रहने से इसकी ऐतिहासिक और गौरवशाली अतीत धूमिल हो रही है। आज काँग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता गयाजी गाँधी मैदान के गेट नंबर 07 धरना स्थल पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर गांधी मैदान को साफ और स्वच्छ रखने, इसके उत्तरी भाग में संग्रहालय के बगल से गया नगर निगम के कूड़ा के अम्बार को हटाने, गौरवशाली गांधी मंडप को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने, शहर का एक मात्र हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम का जीर्णोद्धार करने, नेता जी सुभाषचन्द्र बोस एवं शहीद बैकुण्ठ शुक्ल गेट का जीर्णोद्धार कर इस पर दोनों महामानव की प्रतिमा लगाने की मांग राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि गयाजी का गांधी मैदान गया नगर विधायक एवं गया नगर निगम के वर्षों से फंड खपाने, राशि का लूट एवं दुरुपयोग करने का चारागाह बना हुआ है, इस मैदान में विकास, घेराबंदी, तालाब का जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण, बच्चों के पार्क, फूल घास लगाने आदि के नाम पर इसमें अभी तक करोड़ों- करोड़ खर्च किया गया परंतु कुछ भी जमीन पर नजर नहीं आता है।

नेताओं ने कहा कि एक समय में गयाजी गांधी मैदान पटना गांधी मैदान की तरह चारो ओर से खुला और नजर आता था, परंतु आज इसके चारों ओर केंद्र और राज्य सरकारों के कई भवन बनने तथा बाउंड्रीवाल के चारो ओर अतिक्रमण से इसका अतीत मिटता जा रहा है।

नेताओं ने कहा कि इसे अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु पटना उच्च न्यायालय में पि आई एल भी किया गया था, जिसमें यह फैसला हुआ था कि इसका अतिक्रम सरकार द्वारा हटाया जाये तथा इसमें अब कोई भी भवन का निर्माण नहीं कराया जाये, जिसके बाद आगे तो भवन बनना बंद हो गया परंतु पहले से बने भवनों को अभी तक नहीं हटाया गया है।

प्रदर्शन में शामिल बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, गया जिला इंटक महासचिव टिंकू गिरी, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान, विशाल कुमार, मुन्ना मांझी आदि ने चरणबध्द आंदोलन चला कर गयाजी गांधी मैदान को देश का अव्वल गांधी मैदान बनाने का संकल्प दोहराया।

# रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन दो अप्रैल को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता एवं इंटक बिहार के प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आज आम आदमी की रसोई पर ताला लगने की नौबत आ गई है। रसोई गैस की किल्लत और आसमान छूती कीमतों ने गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के लोगों को गहरे संकट में डाल दिया है। औरंगाबाद जिले के कई इलाकों में गैस की आपूर्ति बाधित है, जिससे लोगों को लकड़ी और कोयले पर खाना बनाने को मजबूर होना पड़ रहा है।श्री सिंह ने बताया कि पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार वृद्धि ने महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया है। हर रोजमर्रा की चीज महंगी होती जा रही है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

श्री सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि अब बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी ने जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। यह बढ़ोतरी सीधे-सीधे गरीबों, किसानों, छोटे दुकानदारों और युवाओं पर आर्थिक हमला है।

कांग्रेस पार्टी यह साफ कहना चाहती है कि यह सरकार पूरी तरह जनविरोधी और संवेदनहीन हो चुकी है।

सरकार को न जनता की चिंता है, न उनके जीवन-यापन की। यदि सरकार ने अविलंब इन मांगों पर कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी पूरे बिहार में व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी। हम गांव-गांव, गली-गली जाकर जनता को इस जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जागरूक करेंगे और सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेंगे।

इसी क्रम में, कांग्रेस 2 अप्रैल को जिला के हर प्रखंड मुख्यालय पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगी, जिसमें जिले के हजारों कार्यकर्ता एवं आम नागरिक भाग लेंगे।श्री सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करती रही, तो यह आंदोलन और भी उग्र और व्यापक होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# गैर मजरूआ आम जमीन पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने लगाई सीओ से गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के राजपुर पंचायत अंतर्गत गैर मजरूआ आम भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि गांव की सार्वजनिक उपयोग की जमीन, जो पूर्व से ग्रामीणों के आवागमन एवं अन्य सामुदायिक कार्यों के लिए प्रयुक्त होती रही है, उस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। बताया गया कि संबंधित जमीन गैर मजरूआ आम प्रकृति की है, जिस पर किसी भी व्यक्ति का निजी स्वामित्व नहीं होता, बावजूद इसके उस पर निर्माण और घेराबंदी की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि अतिक्रमण के कारण गांव के रास्ते में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मामले में कई लोगों के नाम का उल्लेख करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। आवेदन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा सामाजिक तनाव की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर अतिक्रमण हटाने और सरकारी जमीन को मुक्त कराने की अपील की है। इस संबंध में सीओ से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पथ निर्माण में अनियमितता का आरोप

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के जर्मी-बक्सपुर पंचायत अंतर्गत बकोइया गांव में बन रही पीसीसी सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए विरोध जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया बालू, कम सीमेंट और कम छरी का उपयोग किया जा रहा है। स्थिति यह है कि जहां एक ओर सड़क की ढलाई आगे की ओर की जा रही है, वहीं पीछे का हिस्सा टूटता नजर आ रहा है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से सड़क की मजबूती और टिकाऊपन प्रभावित होगी तथा सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है। इसको लेकर गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मामले को और गंभीर बनाते हुए ग्रामीणों ने जीएसबी (ॠड्ड) कार्य में भी अनियमितता का आरोप लगाया है। जानकारों के अनुसार, जीएसबी कार्य में 60% स्टोन एग्रीगेट और 40% मोरंग/डस्ट का उपयोग होना अनिवार्य है, लेकिन यहां केवल 20 से 25 प्रतिशत स्टोन ही डाला जा रहा है, जो मानकों के विपरीत है।

# टॉपर हुआ सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2026 के टॉपर से मिलकर उन्हें शुभकामना देने का सिलसिला जारी है।मंगलवार के दिन कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के सदस्यों ने प्रदेश में नौवां स्थान व जिला में पहला स्थान प्राप्त करने वाले आंनद कुमार के घर पहुंच फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि आज समाज के एक होनहार छात्र ने प्रदेश में नौवां स्थान लाकर घर परिवार के साथ समाज का नाम रौशन किया है।वहीं टॉपर छात्र आनंद कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने अभिभावक को भी बधाई दी और कहा कि बच्चों की इस सफलता में उनके मार्गदर्शन और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।उन्होंने छात्र से उनके करियर के रुझानों और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।वहीं टॉपर के ममेरे भाई रजनीश कुमार ने भी मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर उससे भी सदस्यों ने फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर सुनील कुमार,चंडी प्रखंड अध्यक्ष कुंलदीप पंडित,अखिल कुम्भकार महासंघ के शशिसुमन कुमार शोधार्थी, ओमप्रकाश प्रकाश,सुजीत कुमार, प्रदुम्न कुमार,रोहित कुमार, सूरज कुमार, मुन्ना कुमार, शशि रंजन, गुलशन कुमार ,राजीब कुमार, कपिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## सफलता प्राप्त करने वाले छात्र हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने वाले देव प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले मनोज चौधरी के पुत्र शिव कुमार को राम जानकी लक्ष्मण गायत्री ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि शिव कुमार ननीहाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह राजा जगरनाथ उच्च विद्यालय देव का छात्र है। इसके अलावा नरची गांव निवासी रामप्रवेश यादव के पुत्र नितिश कुमार को भी बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने पर अंग वस्त्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, बीस सुत्री अध्यक्ष सीताराम यादव, देवसंस्कृति परिषद के अध्यक्ष भुपेश, कृष्णा यादव, दीपक गुप्ता, रमेश कुमार पाल, डॉ राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने दोनों छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# विधायक के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इटखोरी( चतरा)।** भाजपा की एक बैठक पंचवटी प्लाजा में आयोजित की गई। बैठक भाजपा प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि और वक्ता के तौर पर सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास उपस्थित थे। मंच संचालन शिवकुमार राणा ने किया । बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करना था । बैठक के दौरान विधायक समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवकुमार सिंह सीताराम दांगी मुखीया संघ अध्यक्ष रंजय भारती प्रखण्ड मंत्री सांसद प्रतिनिधि सह पँचायत समिति सदस्य रूबी देवी राजेन्द्र राम दशरथ साव सुधीर रॉय रामाधार राम बंटी कुमार मनोज साव प्रमोद कुमार शिवकुमार सिंह राजेन्द्र राणा मुन्ना यादव राजू यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्ति पर एएनएम व चिकित्सक को दी गई विदाई




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के प्रांगण में मंगलवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर एएनएम जयमंत्री कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा शिव शंकर झा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी डा. राजेंद्र प्रसाद, जिला मलेरिया पदाधिकारी डा एम. ई. हक सहित अस्पताल के चिकित्सक, एएनएम, कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने दोनों के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया।

जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. एमई हक ने कहा कि चिकित्सक अपने अनुभव के बल पर हमेशा सक्रिय और स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल नीतियों से नहीं बल्कि कर्मियों की नीयत से चलता है, इसलिए सभी को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।सेवानिवृत्त प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. शिव शंकर झा ने कहा कि सेवा ही उनका धर्म रहा है और आगे भी क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अमित कुमार ने कहा कि अस्पताल एक मंदिर के समान है और हम सभी इसके पुजारी हैं। उन्होंने अस्पताल को स्वच्छ रखने और मरीजों को बेहतर सेवा देनेकोअपनी प्राथमिकता बताया। समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ।

## बिहार-झारखण्ड में रेलवे की बदलेगी तस्वीर

**गयाजी।** बिहार और झारखंड के बीच रेल यात्रा को नया आयाम देने की तैयारी शुरू हो गई है। यह क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है।

पटना-गया-धनबाद रेलखंड पर अमृत भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस मिनी कोच पैसेंजर ट्रेन चलाने की योजना बनाई जा रही है। यह ट्रेन 12 कोचों के साथ मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) सेवा के रूप में संचालित हो सकती है। रेलवे की इस योजना के तहत पटना, गया और धनबाद जैसे प्रमुख शहरों को तेज और आधुनिक पैसेंजर सेवा से जोड़ा जाएगा। यह ट्रेन पारंपरिक पैसेंजर ट्रेनों से अलग होगी, क्योंकि इसमें मिनी कोच का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे ट्रेन हल्की होगी और अधिक गति से चल सकेगी। गया-पटना के बीच पहले से 12 कोच वाली मेमू सेवा के सफल संचालन को देखते हुए अब इसे धनबाद तक विस्तार देने की तैयारी है। प्रस्तावित ट्रेन में यात्रियों को बेहतर सीटिंग अरेंजमेंट, आकर्षक और ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटिंग, साफ-सुथरे और सुव्यवस्थित कोच की सुविधा मिलेगी।

# विधि-विधान के तहत मीना बागी को दी गयी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** विदित हो कि छात्र युवा संघर्ष वाहिनी एवं समाजवादी नेता तथा समाजवादी चिंतक स्व.किशन पटनायक के सहयोगी स्व. विश्वनाथ बागी की जीवन साथी मीना बागी का निधन कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी से गत 25 मार्च,2025 को बंगलोर स्थित एस्टर हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान हो गयी। उनका अंतिम दाह-संस्कार उनके परिजन एवं शुभ चिन्तकों ने धनबाद के बस्ता कोला गौशाला घाट पर की नम ऑखों से की। वे एक योग्य शिक्षिका एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता थी। इसके बाद लगभग 20 वर्षों तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुटकी में एक योग्य शिक्षिका के रूप में सेवा की। उनके द्वारा शिक्षा ग्रहण किये छात्र एवं छात्राएँ आज भी श्रद्धापूर्वक याद करती है। ज्ञातव्य है कि इनके पति स्व. विश्वनाथ बागी वैकल्पिक राजनीति एवं व्यवस्था परिवर्तन के लिए पूरी जिन्दगी सत्य,निष्ठा तथा ईमानदारी के साथ जे.पी.और किशन पटनायक के साथ काम किया।

# बिहार में होगी शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के मध्य विद्यालयों में पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 239 सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति होगी। न्यायालय के आदेश पर होने वाले इस नियोजन को लेकर शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी किया है। इसके मुताबिक 28 मई को नियुक्ति पत्र बंटेंगे।

शेड्यूल के मुताबिक, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा नियोजन इकाई को कोटिवार रिक्त पदों को जिले के राष्ट्रीय सूचना केंद्र के पोर्टल पर आठ अप्रैल तक अपलोड किया जाएगा 11 अप्रैल को नियोजन इकाई द्वारा रिक्त पदों का जिले के पोर्टल पर प्रकाशन किया जाएगा।11 अप्रैल से 26 अप्रैल तक योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन लिये जाएंगे। 29 अप्रैल को नियोजन इकाई के सदस्य सचिव द्वारा औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी। उस पर 29 अप्रैल से पांच मई तक आपत्ति ली जाएगी। आ

पत्तियों के निराकरण के बाद नियुक्ति प्राधिकार से मेधा सूची पर अंतिम रूप से अनुमोदन लिया जाएगा। इसके लिए नौ मई की तिथि है। अंतिम मेधा सूची नौ मई को ही जिले के पोर्टल पर प्रकाशित होगी।

12 मई को जिला स्तर पर कैंप के माध्यम से मेधा क्रम में अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की प्रारंभिक जांच कर चयन सूची तैयार होगी। रिक्ति के अनुसार, चयन सूची 13 मई को जिले के पोर्टल जाएगी और 28 मई को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा।

बिहार में अब आयुर्वेद, होम्योपैथी, योग और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा सुविधाएं और आसान होने जा रही हैं। केंद्र सरकार ने राज्य के कई जिलों में नए आयुष अस्पताल खोलने की मंजूरी दे दी है, जिससे लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार, बेगूसराय, दरभंगा, मधुबनी, सिवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण और गया में 50-50 बेड वाले आयुष अस्पताल बनाए जाएंगे। इन अस्पतालों में लोगों को प्राकृतिक और पारंपरिक तरीकों से इलाज की सुविधा मिलेगी। खास बात यह है कि इससे ग्रामीण इलाकों के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

इसके अलावा, अररिया, बांका और मधुबनी में 10 बेड वाले छोटे एकीकृत आयुष अस्पताल भी खोले जाएंगे। ये अस्पताल शुरूआती इलाज के लिए काफी मददगार साबित होंगे, जहां लोग छोटी बीमारियों का इलाज आसानी से करा सकेंगे।सरकार का कहना है कि इस पहल से स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और लोगों का भरोसा आयुष पद्धति पर और बढ़ेगा।

# पटना हाईकोर्ट में मिलेंगी स्वास्थ्य संबंधित आधुनिक सुविधाएं

## जज से लेकर वकील और तमाम कर्मियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना हाईकोर्ट परिसर में स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं का विस्तार किया गया है। मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने कोर्ट परिसर में मौजूद स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार पटल का उद्घाटन सोमवार को किया। इस स्टेट डिस्पेंसरी की विस्तारित सुविधाओं की शुरुआत होने से यहां कार्यरत न्यायाधिशों से लेकर अधिवक्ताओं समेत सभी स्तर के कर्मियों को काफी सुविधा होगी, खासतौर से किसी आपात स्थिति में यह अस्पताल चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने में सक्षम होगा। यह पहल न्यायिक तंत्र से जुड़े सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्घाटन के बाद मुख्य न्यायाधीश ने नव-विकसित चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर सिंह, न्यायामूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, न्यायमूर्ति मोहित कुमार साह समेत अन्य न्यायाधीश मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह के अलावा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, कर्मी समेत अन्य भी मौजूद थे। मुख्य न्यायाधीश ने नवनिर्मित विस्तार पटल में लगाए गए एक्स-रे केंद्र, फिजियोथेरेपी केंद्र, दवा वितरण केंद्र और डिस्पेंसरी का मुआयना किया। इस नए विस्तारित भवन में चिकित्सा पदाधिकारी या डॉक्टर के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टर रोस्टर के आधार पर मरीजों का इलाज करेंगे। यहां एक क्यूआर स्कैनर भी लगाया गया है जिस पर कोई व्यक्ति स्कैन करके डॉक्टर के उपलब्ध रहने का समय के साथ ही किस दिन कौन से डॉक्टर देखेंगे, इसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस नए चिकित्सा केंद्र में रोस्टर के आधार पर त्वचा रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, होमियोपैथी समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर रोजाना बैठेंगे जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ सोमवार, फिजिशियन मंगलवार, हड्डी रोग विशेषज्ञ बुधवार, हृदय रोग विशेषज्ञ गुरुवार और नेत्र रोग विशेषज्ञ शुक्रवार को बैठेंगे। इस तरह की चिकित्सीय सुविधा शुरू होने पर अधिवक्ता संघों ने खासतौर से हर्ष व्यक्त किया है। एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की सुविधा परिसर में उपलब्ध होने से यहां के वकीलों के साथ कर्मियों को भी काफी सहूलियत होगी। वहीं लॉयर एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार सिंह एवं संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब एक्स-रे मशीन यहां लगने से लोगों को इसके लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिजिथेरेपी के अलावा मुफ्त दवा और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श की सुविधा बहाल होने से सभी लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, पटना में राजभाषा सम्मेलन का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्वी क्षेत्र-1द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना स्थित प्रेक्षागृह में 'राजभाषा सम्मेलन-2026' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन में क्षेत्रीय मुख्यालय के सभी कार्मिकों के साथ-साथ बिहार एवं झारखंड के विभिन्न उपकेंद्रों से आए प्रमुखों एवं राजभाषा प्रभारियों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने हिन्दी भाषा की उपयोगिता, सरलता और व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्मिकों से कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के अधिकतम प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजभाषा का सशक्त प्रयोग प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाता है। सम्मेलन के दौरान कुल तीन ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन किया गया जिनमें विशेषज्ञ वक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार साझा किए। प्रथम सत्र में 'राजभाषा नीति, नियम एवं अधिनियम' विषय पर चर्चा करते हुए विचित्रसेन गुप्त (राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार) ने उपस्थित प्रतिभागियों को राजभाषा से संबंधित नियमों, प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में 'विकसित भारत 2047 की लक्ष्य प्राप्ति में राजभाषा हिन्दी की भूमिका' विषय पर डॉ. मधु मंजरी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि देश की एकता और सांस्कृतिक समन्वय का सशक्त माध्यम है जो विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकती है। तृतीय सत्र में 'भारत के वर्तमान विद्युत परिदृश्य' विषय पर सुदीप कुमार ने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने देश में विद्युत क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर सक्रिय सहभागिता दिखाई और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सांस्कृतिक समारोह के बीच 'बिहार भारती अवार्ड' संपन्न




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की चर्चित साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद की ओर से 31वीं वर्ष 'बिहार भारती अवार्ड' और 'कुमार शैलेंद्र शिखर सम्मान' का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन समाजसेवी व अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर अजय यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर कुमार उमेश चंद्र, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गायक व बिहार सरकार के कला सांस्कृतिक पेंशनधारी मनोज कुमार सिंह थे। अतिथियों का स्वागत रवि रंजन ने किया और अध्यक्षता महासचिव सह निर्देशक विश्वमोहन चौधरी संत ने किया। अतिथियों के हाथों भरतनाट्यम के प्रसिद्ध नृत्यांगना भावना कुमारी एवं वरिष्ठ नाल वादक सुनील कुमार को 31वीं 'बिहार भारती अवार्ड' से और साथ ही 'कुमार शैलेंद्र शिखर सम्मान' से महिला अभिनेत्री आशा चौधरी एवं पुरुष रंगकर्मी बैजू कुमार झा को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र, ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र से नवाजा गया। कला उपासक मगही लोकगीत गायक अरुण कुमार गौतम के नेतृत्व में वृहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें संगीत नृत्य भजन से लोगों को मंत्र मुक्त किया गया जिसमें वरिष्ठ लोकगीत गायिका डॉ भवानी शारदे, प्रसिद्ध रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, शैलेश कुमार, नृत्यांगना शबनम परवीन, गायक मनोज मुक्त, रिया कुमारी, प्रेम कुमार, सीमा सिंह, प्रिया कुमारी, अनीता राज आदि ने भाग लिया।


# नेताओं की गिरफ्तारी से किसानों में आक्रोश




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उड़ीसा में बढ़ते किसान आंदोलन से घबराकर राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं दिनेश कुमार की गिरफ्तारी से बिहार के किसान आक्रोशित है। विगत 17 वर्षों से जनजातीय आजीविका और वन अधिकारों की सुरक्षा की जायज मांगों को लेकर संघर्षरत नव निर्माण कृषक संघ के संयोजक अक्षय कुमार के नेतृत्व में किसानों की 21 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 22 मार्च 2026 से उड़ीसा के कैंझर घाटागा तारिणी से भुवनेश्वर के लिए 5000 किसानों का विशाल कारवां लेकर पदयात्रा शुरू की। इस शांतिपूर्ण पदयात्रा के नौवें दिन कदम-कदम बढ़ाते हुए अपने मंजिल की ओर बढ़ रहे किसान पदयात्री जब नखरा पहुंचा तो नखरा में किसानों की विशाल सभा को संबोधित करने के लिए देश के सुप्रसिद्ध किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार जब उड़ीसा पहुंचे तो मोदी की डब्ल इंजन की उड़ीसा सरकार उक्त सभी किसान नेताओं को उड़ीसा पहुंचने पर घबरा गई। अपने नेताओं के सम्मान में सड़क किनारे किसान जमा होकर इंतजार कर रहे थे तभी झूठे मनगढ़ंत आरोपों पर किसानों की सभा से राजमार्ग अवरुद्ध होंगे। इसी बहाने भारी मात्रा में पुलिस बलों को सभा स्थल पर जमा कर पुलिसिया तांडव मचाना शुरू किया। सभा को विफल करने हेतु देश में अघोषित आपातकाल के तहत शांतिपूर्ण सभा करने की लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलते हुए किसानों को आतंकित करने के लिए तथा सभा को विफल करने हेतु देश के जाने-माने किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह और किसान नेता दिनेश कुमार सहित लगभग 750 किसानों को जबरिया गिरफ्तार कर किसानों के जनतांत्रिक अधिकारों पर हमला करने की कार्रवाई की संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार घोर निंदा करती है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह, रामायण सिंह,भूप नारायण सिंह, प्रो. आनंद किशोर, जनक देव सिंह गांधी, आशीष रंजन, अशोक कुमार सिंह, बैजनाथ शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, प्रदीप प्रियदर्शी, बृजेश राय, मुन्ना तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, देव कुमार सिंह, वशिष्ठ सिंह, भोला यादव, डॉ श्यामनंदन शर्मा, हरिलाल सिंह, रामचंद्र आजाद, नरेश यादव, अमरेश नंदन, गोपाल कृष्ण, डॉ विनय, चंद्रशेखर यादव, प्रमोद सिंह एवं अभिमन्यु सिंह आदि ने किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर रोष प्रकट करते हुए चेतावनी भरे लहजों में सरकार द्वारा किसान आंदोलन को कुचलने की साजिश की घोर भर्त्सना किया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रभक्त डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि श्री हेडगेवार बाल्यकाल से ही प्रखर राष्ट्रभक्त थे। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करते हुए उन्होंने अनुभव किया कि राष्ट्र की वास्तविक उन्नति के लिए समाज को संगठित एवं चरित्रवान बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने वर्ष 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की जो आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। डॉ. हेडगेवार ने सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि माना और समाज में अनुशासन, एकता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# शीतला माता मंदिर में हुई मौतों के लिए सरकार जिम्मेदार

## बिजली की बढ़ी कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का राज्यव्यापी आंदोलन : राजेश राम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नालंदा के शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ और 9 श्रद्धालुओं की मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य सरकार को इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया है। पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के पंचायत स्तरीय नेताओं के पीछे घूमने के लिए पुलिस बल उपलब्ध रहता है, लेकिन शीतला माता मंदिर में आए हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार एक भी पुलिस जवान की तैनाती नहीं कर सकी। लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद वहां व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का एक जवान तक मौजूद नहीं था। भगदड़ के बाद लोग दम घुटने से तड़पते रहे, लेकिन समय पर एंबुलेंस तक नहीं पहुंची। यदि समय रहते घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजली देने के लिए सदाकत आश्रम में दो मिनट का मौन रखा गया। राजेश राम ने कहा कि दुर्भाग्य से बिहार में ऐसी सरकार है जो आम लोगों की सुरक्षा और जीवन की चिंता करने के बजाय उन्हें मुश्किलों में धकेल रही है। पहले रसोई गैस की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं और अब बिजली की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी गई है।

# भगवान महावीर जयंती पर पटना में निकली शोभा यात्रा, अहिंसा और प्रेम का संदेश गूंजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के पावन अवसर पर जैन संघ, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का समापन श्रद्धामय वातावरण में शोभा यात्रा के साथ हुआ। राजधानी पटना में निकली इस विशाल शोभा यात्रा ने पूरे शहर को धर्ममय बना दिया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अहिंसा, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। तीसरे दिन प्रातः 8 बजे कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कांग्रेस मैदान से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा का नेतृत्व जैन संघ के महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर संघ के महामंत्री मुकेश जैन ने बताया कि महावीर जयंती केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला महापर्व है।

# एसबीआई लेडिज क्लब ने किया दिव्यांग बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए एसबीआई लेडिज क्लब, पटना द्वारा इंद्रपुरी, पटना स्थित आसरा होम (मानसिक रूप से दिव्यांग बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आश्रय गृह) में आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने आसरा होम की बालिकाओं और महिलाओं के लिए मेटल बेड, गद्दे, नाइट सूट तथा व्यक्तिगत देखभाल से जुड़ी आवश्यक सामग्री भेंट की। इस पहल का उद्देश्य वहां रह रही बालिकाओं और महिलाओं को बेहतर सुविधा एवं आराम प्रदान करना तथा उनके जीवन में स्नेह और सहयोग का भाव पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई लेडिज क्लब, पटना की अध्यक्ष पूजा जोशी उपाध्यक्षगण ज्योति श्रीवास्तव, विद्या नटराजन, अरुणान्जलि जायसवाल एवं अन्य सदस्यों ने आसरा होम का भ्रमण किया, वहां की व्यवस्था की सराहना की और वहां रह रही बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ समय बिताकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सेवा तीर्थ में उन्नत एचवीएसी समाधान किए स्थापित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में अपने उन्नत एचवीएसी समाधानों की सफल स्थापना की। एलजीई इंडिया ने 1590 हॉर्सपावर की कुल क्षमता वाला एक वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ) एयर-कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित किया है जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। इस परियोजना पर बात करते हुए एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर हांग जू जियोन ने कहा कि एलजीई इंडिया को प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में योगदान देने पर गर्व है। चूंकि भारत बुनियादी ढांचे के विकास के एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है, इसलिए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल जलवायु नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है।

# राज्यभर में अतिक्रमण हटाओ अभियान आज से, प्रशासन अलर्ट

## प्रधान सचिव ने दिया सीमा क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखने का सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार ने राज्यभर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक और संगठित कार्रवाई का फैसला लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों, अपर समाहर्त्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं, अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए 1 अप्रैल 2026 से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में शहरी सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास के लिए अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर ही हम बेहतर यातायात, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित कर सकते हैं। हालांकि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। गरीब एवं असहाय लोगों के जीवनयापन को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उनका अतिक्रमण तभी हटाया जाए जब उनके लिए रोजगार के वैकल्पिक साधन या पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाए। हमारा उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ विकास को आगे बढ़ाना है। ताकि किसी भी जरूरतमंद की आजीविका प्रभावित न हो। सरकार की पहली प्राथमिकताओं में मुख्य धारा से पीछे छूटी हुई आबादी है। उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। वहीं प्रधान सचिव ने निर्देश देते हुए कहा है कि बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी उल्लेख किया गया है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा कई मामलों में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं जिनका अनुपालन अनिवार्य है। राज्य सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के नो मैन्स लैंड में अतिक्रमण के मामलों को अत्यंत गंभीर बताया है। इन मामलों के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सीमांकन के लिए संयुक्त सर्वेक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया है। राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि गरीब और असहाय लोग अक्सर जीविकोपार्जन के लिए सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करते हैं। इसलिए वेंडिंग जोन या वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना अतिक्रमण हटाने से उनके रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें।

# नालंदा जिले की घटना पर मंत्री मंगल पांडेय ने संवेदना व्यक्त की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने नालंदा शीतला मंदिर में हुई भगदड़ की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह हृदयविदारक हादसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है जिसमें कई श्रद्धालुओं की जान चली गई। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री पांडेय ने कहा कि मृतकों के आश्रितों और घायलों की सरकार पूरी मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

# आज से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में बड़ा बदलाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए नगर निकायों के लिए जारी किया गया नया गाइडलाइन कल पहली अप्रैल से लागू हो रहा है जिसमें 100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन करने वाले संस्थान जैसे-अपार्टमेंट, होटल, सरकारी कार्यालयों को खुद कचरा प्रोसेसिंग लगाना अनिवार्य हो जाएगा। साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग ने गीले कचरे का ऑन साइट कंपोस्टिंग करने का भी निर्देश जारी किया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार यह व्यवस्था न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के तहत सभी नगर निकायों में लागू की जा रही है। वहीं राजधानी पटना को सुंदर, स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए पटना नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के नए नियम कल पहली अप्रैल से लागू हो जाएगा। अब घरों से कचरा उठाव के दौरान लोगों को अपने कचरे को केवल गीला और सूखा में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना अनिवार्य होगा जबकि पहले यह व्यवस्था अनिवार्य नहीं थी। अब तक कचरे को केवल दो श्रेणियों में बांट कर कचरे का उठाव किया जा रहा था। इस नई व्यवस्था के तहत अब कचरा ढोने वाली गाड़ियों में चार अलग-अलग रंगों के बिन लगे होंगे। यदि घरों से कचरा अलग-अलग करके नहीं दिया गया तो सफाईकर्मी उसे स्वीकार नहीं करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निस्तारण करना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। वहीं, राजधानी में दो नए रंग भी लोगों की स्वच्छता नियमों में शामिल किये जा रहे हैं। इसके लिए पटना नगर निगम कुल 225 नये वाहनों की खरीद कर रहा है जिसमें शहर के सभी छह अंचलों के 375 सेक्टरों में कचरा उठाव के लिए नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में निगम के पास 373 क्लोज टिपर और 150 सीएनजी टिपर हैं जिनमें से लगभग 327 वाहन वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। कचरा कलेक्शन को बेहतर बनाने के लिए निगम 225 नए वाहनों की खरीदारी कर रहा है। इनमें 150 क्लोज टिपर और 75 ओपन टिपर शामिल हैं। इन सभी वाहनों को नए कलर कोडेड बिन के साथ लैस किया जा रहा है। नए नियम सिर्फ आम जनता के लिए नहीं, बल्कि बड़े संस्थानों पर भी लागू होंगे। 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली संस्थाएं या 100 किलो से अधिक कचरा पैदा करने वाले थोक कचरा उत्पादक माने जाएंगे। इसमें होटल, अपार्टमेंट, सरकारी संस्थाएं शामिल हैं।

# दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए 4 रथ रवाना




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिंदू सेवा ट्रस्ट बिहार द्वारा दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोरो से की जा रही है। इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए 4 रथों को हरी झंडी दिखाकर कंकड़बाग से रवाना किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मुख्य संस्थापक दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह रथ पूरे शहर में घूमकर लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में अवगत कराएगा। हमारा उद्देश्य दक्षिण पटना को पूर्ण रूप से हनुमानमय बनाने की है। वहीं उन्होंने बताया कि कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड चौराहा पर 1 अप्रैल को एक हजार से अधिक हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य डॉ. राधेश्याम शर्मा के द्वारा सुंदरकांड एवं भजन की प्रस्तुति की जाएगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर 20 तोरण द्वार, सैकड़ों होर्डिंग्स, पोस्टर्स लगाया जा रहा है। वहीं पूरे दक्षिण पटना को हनुमान जी के ध्वजा से सजाया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा एक कैलेंडर भी जारी किया गया है जिसे हनुमान जन्मोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाएगा।

# संपादकीय

## कानून सख्त, सोच कमजोर, थम नहीं रहा दहेज के नाम पर मौत का सिलसिला

सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है।इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं।सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है!

**भारत के लिए इस वैश्विक बदलाव में कई गहरे संकेत छिपे हैं। चंद्रयान-3 के माध्यम से उसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतर कर यह दिखा दिया कि वह केवल अंतरिक्ष दौड़ का दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय खिलाड़ी है। यह क्षेत्र इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि यहां जल और बर्फ के मौजूदगी की संभावना है, जो भविष्य में ईंधन, आक्सीजन और मानव बस्तियों की आधारशिला बन सकती है। इस उपलब्धि के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में है जिनके पास चांद तक पहुंचने और वहां उतरने की क्षमता है। यह सफलता केवल वैज्ञानिक गौरव का विषय नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का संकेत भी है। इससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और इसरो को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर मिले हैं।**

# चांद की नई 'स्पेस रेस'- ताकत, तकनीक और अर्थव्यवस्था की जंग में भारत कहां खड़ा है

**(विजन कुमार पांडेय)**

अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिकों की प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह दुनिया की बड़ी ताकतों के बीच शक्ति और वर्चस्व की नई जमीन बन चुका है। इस बदले दौर में चांद एक बार फिर रणनीतिक होड़ का केंद्र बन गया है। अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों, संसाधनों पर वर्चस्व और तकनीकी बढ़त का आधार बनाना चाहते हैं। निजी कंपनियां भी इस दौड़ में उतर चुकी हैं, जिससे अंतरिक्ष अब सरकारों तक सीमित न रह कर बाजार, रोजगार और आम आदमी के भविष्य से जुड़ता जा रहा है। चांद पर जाने की यह जल्दबाजी केवल विज्ञान की जिज्ञासा नहीं, बल्कि आने वाले समय में ताकत की रूपरेखा तय करने की तैयारी है। जो देश आज चांद पर अपनी मौजूदगी मजबूत करेंगे, वही कल अंतरिक्ष से जुड़ी कमाई और बड़े फैसलों पर असर डालेंगे। ऐसे में भारत के सामने भी सवाल है कि क्या वह इस बदलती अंतरिक्ष राजनीति को समझ कर समय रहते अपनी योजना बनाएगा?

मनुष्य सबसे पहले मंगल पर कब पहुंचेगा, यह सवाल लंबे समय तक रोमांच बना रहा। 'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' ने इसी सपने को अपनी पहचान बनाया। एलन मस्क समय सीमा घोषित करते रहे। उद्देश्य था-महत्त्वाकांक्षा दिखाना और प्रतिभा आकर्षित करना। मगर हाल के महीनों में तस्वीर बदली है। हकीकत यह है कि पर्दे के पीछे 'स्पेसएक्स' लंबे समय से नासा के साथ चांद से जुड़े काम में लगी थी। आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत मानव को चांद पर उतारने का जिम्मा इसी का प्रमाण है। उधर, जेफ बेजोस की कंपनी भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे स्पष्ट है कि अंतरिक्ष की अगली निर्णायक मंजिल मंगल नहीं, बल्कि चांद है।

इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नासा की बदलती प्राथमिकताएं हैं। अमेरिका का आर्टेमिस कार्यक्रम चांद पर स्थायी उपस्थिति बनाने की दिशा में बढ़ रहा है। यह केवल वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की नींव रखने का प्रयास है। चांद पर खनिज संसाधन और ऊर्जा के स्रोत मौजूद हैं। इनका उपयोग अंतरिक्ष अभियानों की लागत कम कर सकता है। साथ ही अमेरिका को यह चिंता भी सता रही है कि यदि उसने चांद पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, तो चीन यह बढ़त हासिल कर लेगा। उसने चांद पर कई सफल मिशन भेजे हैं और वह 2030 के लिए मानव मिशन की घोषणा कर चुका है।

भारत के लिए इस वैश्विक बदलाव में कई गहरे संकेत छिपे हैं। चंद्रयान-3 के माध्यम से उसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतर कर यह दिखा दिया कि वह केवल अंतरिक्ष दौड़ का दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय खिलाड़ी है। यह क्षेत्र इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि यहां जल और बर्फ के मौजूदगी की



संभावना है, जो भविष्य में ईंधन, आक्सीजन और मानव बस्तियों की आधारशिला बन सकती है। इस उपलब्धि के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में है जिनके पास चांद तक पहुंचने और वहां उतरने की क्षमता है। यह सफलता केवल वैज्ञानिक गौरव का विषय नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का संकेत भी है। इससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और इसरो को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर मिले हैं।

असली परीक्षा वैज्ञानिक या तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक भी है। प्रश्न यह नहीं कि भारत चांद तक पहुंच सकता है या नहीं। यह तो वह सिद्ध कर चुका है। असली प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सफलता को ऐसी दीर्घकालिक राष्ट्रीय अंतरिक्ष रणनीति में बदल पाएगा, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सके और जोखिमों को कम कर सके। क्या चांद पर नियमित मिशन भेजने, वहां उपलब्ध संसाधनों की खोज और भविष्य की औद्योगिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और वित्तपोषित कार्ययोजना है? अंतरिक्ष में हर असफल प्रयास केवल वैज्ञानिक झटका ही नहीं देते, बल्कि भारी आर्थिक नुकसान भी कराते हैं। अरबों रुपए का निवेश, वर्षों की मेहनत और अनगिनत मानव-घंटे एक झटके में दांव पर लग जाते हैं।

यदि भारत इस अवसर को सही ढंग से साधता है, तो अंतरिक्ष क्षेत्र केवल खर्च का मद नहीं रहेगा, बल्कि रोजगार सृजन, उच्च-प्रौद्योगिकी, उद्योगों और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार भी बनेगा। तब भारत केवल एक सफल मिशन वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने वाली शक्ति होगा। अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनाने की होड़ में हैं। वे वहां ठिकाने बसाने, संसाधनों पर पकड़ बनाने और निजी कंपनियों के लिए नए मौके खोलने की तैयारी कर रहे हैं। साफ है कि अंतरिक्ष अब केवल विज्ञान का विषय नहीं रहा, बल्कि रोजगार, उद्योग और कमाई की नई जमीन बन चुका है। ऐसे में भारत के सामने भी निर्णायक स्थिति है। क्या वह सिर्फ मिशन भेज कर खुश रहेगा या चांद पर स्थायी मौजूदगी की ठोस योजना बनाएगा? यह सवाल केवल वैज्ञानिकों का नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के भविष्य से जुड़ा है।

इसरो की कम लागत वाली और भरोसेमंद तकनीक भारत की सबसे बड़ी ताकत है। अब समय आ गया है कि निजी कंपनियों और युवाओं को बड़े पैमाने पर अंतरिक्ष क्षेत्र में शामिल किया जाए। इससे नए उद्योग खड़े होंगे, नौकरियां सृजित होंगी और अंतरिक्ष क्षेत्र आम लोगों की तरक्की का माध्यम बनेगा। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र खोला है। नवउद्यम उभर रहे हैं, राकेट और उपग्रह बनाने की पहल हो रही है, लेकिन इस प्रयास को और तेज करने की जरूरत है। चांद और गहन अंतरिक्ष मिशनों के लिए भारी निवेश, दीर्घकालिक नीति चाहिए।

'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' की रणनीति एक अहम सबक देती है कि बड़े सपने दिखाना आसान है, लेकिन काम छोटे और ठोस कदमों से ही आगे बढ़ता है। सीधे मंगल की छलांग नहीं, पहले चांद पर मजबूत कदम जरूरी है। यही रास्ता व्यावहारिक है। चांद पर लगातार उपग्रह भेजने और आगे चल कर मानव मिशन की तैयारी ही हमें बड़े लक्ष्यों तक पहुंचाएगी। जो देश सीढ़ी-दर-सीढ़ी चढ़ता है, वही शिखर पर पहुंचता है। अंतरिक्ष अन्वेषण का भविष्य केवल वैज्ञानिक खोज नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों से भी जुड़ा है। उपग्रह सेवाएं, अंतरिक्ष पर्यटन, संसाधन खनन और संचार नेटवर्क आने वाले समय में बड़ी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनेंगे। जो देश अभी तैयारी करेंगे, वही आगे चल कर लाभ उठाएंगे।

'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' का चांद की ओर बढ़ना बताता है कि अंतरिक्ष की दौड़ अब सपनों की कहानी नहीं रही। यह आज राष्ट्रीय शक्ति, रोजगार, उद्योग और तकनीक की सीधी लड़ाई बन चुकी है। जो देश चांद पर अपनी मजबूत मौजूदगी बनाएगा, वही आने वाले समय की दिशा भी तय करेगा। भारत के लिए यह आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि साहसिक फैसले लेने का समय है। चंद्रयान-3 की सफलता को केवल उपलब्धि मान कर रुकना काफी नहीं होगा। अब जरूरत है कि हम चांद पर लगातार मिशन भेजें और दीर्घकालिक कार्यक्रम बनाएं। इससे देश में नई नौकरियां बनेंगी, तकनीक आगे बढ़ेगी और आम आदमी को भी इसका लाभ मिलेगा। यदि भारत आज सही फैसले करता है, तो वह सिर्फ अंतरिक्ष तक नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला देश बनेगा।

# सरजमीं जिसमें निरंतर संघर्ष व संकटों से उबरने का है जज्बा

**नरेन्द्र कुमार**

मैं ईरान हूं। कुछ लोग मुझे आज भी प्यार से फारस कहते हैं तो कुछ मुझे मेरे आधिकारिक नाम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान से पुकारते हैं। मेरी धरती पश्चिम एशिया के हृदय में फैली हुई है। मेरे पश्चिम में इराक, उत्तर-पश्चिम में तुर्की, अजरबैजान और आर्मेनिया, उत्तर में कैस्पियन सागर, उत्तर-पूर्व में तुर्कमेनिस्तान, पूर्व में अफगानिस्तान, दक्षिण-पूर्व में पाकिस्तान और दक्षिण में फारस तथा ओमान की खाड़ी मुझे घेरती हैं। मेरी आबादी लगभग 9 करोड़ है। मेरा दिल तेहरान में धड़कता है। मेरी पहचान केवल मेरी सीमाओं या जनसंख्या से नहीं है। मैं समय की उन गहराइयों से उभरा हूं, जहां इतिहास और सभ्यता ने पहली बार अपनी आवाज पाई थी। सातवीं शताब्दी ईसा पूर्व में मीड्स ने मुझे पहली बार एक रूप दिया, एक संगठित पहचान दी। फिर साइरस महान ने मेरे भीतर अचेमेनिड साम्राज्य की नींव रखी।

लेकिन हर शक्ति की तरह, मैंने भी पराजय का स्वाद चखा। सिकंदर महान आया और उसने मेरे उस गौरवशाली साम्राज्य को तोड़ दिया। मैं फिर उठा। पार्थियन और फिर ससानी साम्राज्य के रूप में। ससानी काल मेरा स्वर्ण युग था।

**सभ्यता , धर्म तथा आक्रमणों का दौर**- मैं प्राचीन काल से ही ज्ञान और सभ्यता का केंद्र रहा हूं। लेखन, कृषि, शहरीकरण, धर्म और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में मैंने दुनिया का मार्गदर्शन किया है। कभी मैं जोरोआस्ट्रियन धर्म का प्रमुख केंद्र था। 7वीं शताब्दी में जब मुस्लिम सेनाएं आईं, तो मैंने इस्लाम को अपनाया इसके बावजूद, मैंने अपनी सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा। फिर से मैंने साहित्य, दर्शन, गणित, चिकित्सा और कला के क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयां हासिल कीं। उसी दौर में मेरी फारसी भाषा और संस्कृति ने फिर से जन्म लिया।

मध्यकाल में सेल्जुक और ख्वारज़्मियन शासकों का दौर देखा और फिर मंगोलों का आक्रमण सहा। इसके बावजूद, मैं फिर से उठा। 14वीं शताब्दी में तैमूर के नेतृत्व में मैंने पुनर्जागरण का अनुभव किया। अंततः, 16वीं शताब्दी शिया इस्लाम को मेरी पहचान बनाया। अठारहवीं शताब्दी में मैं एक प्रमुख ताकत बनकर उभरा। फिर काजार वंश के समय आंतरिक संघर्षों और बाहरी दबावों के बीच जूझता रहा।

**संवैधानिक क्रांति**- 20वीं शताब्दी की शुरुआत में संवैधानिक क्रांति के रूप में मेरे भीतर बदलाव की एक नयी लहर उठी। फिर 1925 में रजा शाह पहलवी ने सत्ता संभाली और आधुनिकीकरण की शुरुआत की। सड़कों, रेल, उद्योग और शिक्षा में सुधार हुआ, लेकिन शक्ति कुछ हाथों में केंद्रित हो गई।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941 में ब्रिटेन और सोवियत संघ ने आक्रमण किया। रजा शाह को पद छोड़ना पड़ा। उनके बेटे मोहम्मद रजा पहलवी ने मेरी बागडोर संभाली। 1953 में तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की गयी। लेकिन अमेरिका और ब्रिटेन के समर्थन से हुए तख्तापलट ने इस प्रयास को रोक दिया और शाह की सत्ता को और मजबूत कर दिया।

**इस्लामिक गणराज्य का स्वरूप**- फिर आया 1979। मेरे लोगों ने राजशाही को समाप्त कर दिया और अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में मैंने खुद को एक इस्लामिक गणराज्य के रूप में पुनः स्थापित किया। लेकिन शांति मुझे ज्यादा देर तक नहीं मिली। 1980 में इराक ने मुझ पर हमला किया। मैं आठ साल तक युद्ध में उलझा रहा।

आज मैं एक इस्लामी गणराज्य हूं, जहां सर्वोच्च नेता के पास अंतिम सत्ता होती है।

**मैं प्राचीन काल से ही ज्ञान और सभ्यता का केंद्र रहा हूं। लेखन, कृषि, शहरीकरण, धर्म और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में मैंने दुनिया का मार्गदर्शन किया है। कभी मैं जोरोआस्ट्रियन धर्म का प्रमुख केंद्र था। 7वीं शताब्दी में जब मुस्लिम सेनाएं आईं, तो मैंने इस्लाम को अपनाया इसके बावजूद, मैंने अपनी सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा। फिर से मैंने साहित्य, दर्शन, गणित, चिकित्सा और कला के क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयां हासिल कीं। उसी दौर में मेरी फारसी भाषा और संस्कृति ने फिर से जन्म लिया।**

मेरे यहां चुनाव होते हैं, लेकिन हर निर्णय जनता के हाथ में नहीं होता। मुझ पर मानवाधिकारों के उल्लंघन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के आरोप लगते रहे हैं।

**प्राकृतिक गैस और तेल के भंडार**- आर्थिक रूप से मैं बेहद समृद्ध संसाधनों वाला देश हूं। मेरे पास दुनिया के दूसरे सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडार और तीसरे सबसे बड़े तेल भंडार हैं। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय ने मेरी अर्थव्यवस्था को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

**परमाणु कार्यक्रम**- मेरा परमाणु कार्यक्रम भी दुनिया की निगाहों में है। जबकि मैं लगातार यह कहता हूं कि मेरा उद्देश्य केवल शांतिपूर्ण है। मैं आज भी अपने अतीत, अपने संघर्षों और अपने भविष्य के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

हाल के वर्षों में इस्राइल और सऊदी अरब के साथ मेरा तनाव लगातार बढ़ता गया। जून 2025 में हुए इस्राइल के हमलों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। मेरे यहां विरोध प्रदर्शन हुए। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इस्राइल ने मुझ पर हमला कर दिया। इन हमलों ने मेरे संघर्ष को और तेज कर दिया। इन हमलों में सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या ने देशवासियों को हिलाकर रख दिया। उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता बनाया गया। अभी तो मैं हमले सह रहा हूं और जवाबी हमले कर रहा हूं। मुझे खुद भी नहीं पता कि यह युद्ध कब तक चलेगा। बस, संघर्ष मेरी फितरत है और गिरके फिर खड़े हो जाना मेरी आदत।

# तंग गलियों से कारखानों तक एलपीजी संकट, असंगठित भारत की रसोई पर बढ़ता दबाव

**(पीएस वोहरा)**

यह सच है कि सफल आर्थिक नीतियों का सबसे बड़ा आधार उनकी वैश्विक दूरदर्शिता और लंबे अरसे तक घरेलू बाजार में उनका स्थायित्व होता है। भारत इसी पक्ष पर पिछले कई दशकों से सभी को आश्चर्यचकित करता रहा है और इसी कारण आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा भी हासिल कर चुका है। दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और वैश्विक संस्थान भारत की तेजी से बढ़ रही आर्थिक विकास दर से खासे प्रभावित हैं। साथ ही देश के घरेलू बाजार की क्रय क्षमता सभी बड़े वैश्विक उत्पादों और सेवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनी हुई है।

मगर सवाल है कि इन सबके बीच क्या देश की आर्थिक नीतियां एक ऐसे भ्रम से ग्रस्त हो गई हैं कि वे वैश्विक उथल-पुथल के पूर्वानुमानों को सही ढंग से समझ नहीं पा रही हैं? और समाज के उस तबके पर पड़ रहे आर्थिक दबाव को भी खत्म नहीं कर पा रही हैं, जो कि आर्थिक विकास की मुख्य धारा से अब तक छिटका हुआ है। देश की आर्थिक नीतियों में उसका पक्ष क्यों नहीं नजर आता है, जिसे 'असंगठित क्षेत्र' कहा जाता है, जबकि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को किसी भी आर्थिक संकट से सबसे पहले सुरक्षित किया जाना चाहिए।

संकट की मार

आज जब भारत जीडीपी की रफ्तार में चार ट्रिलियन के मुकाम पर खड़ा है और तेजी से आगे बढ़ने का सपना देख रहा है, ऐसे में समाज का असंगठित क्षेत्र ही आर्थिक विषमता के संकट से सबसे ज्यादा त्रस्त नजर आता है और उसकी लगातार अनदेखी हो रही है। इसका कारण शायद यही है कि आर्थिक नीतियां तेजी से बढ़ रहे विकास के भ्रम में उलझ गई हैं।

**मगर सवाल है कि इन सबके बीच क्या देश की आर्थिक नीतियां एक ऐसे भ्रम से ग्रस्त हो गई हैं कि वे वैश्विक उथल-पुथल के पूर्वानुमानों को सही ढंग से समझ नहीं पा रही हैं? और समाज के उस तबके पर पड़ रहे आर्थिक दबाव को भी खत्म नहीं कर पा रही हैं, जो कि आर्थिक विकास की मुख्य धारा से अब तक छिटका हुआ है। देश की आर्थिक नीतियों में उसका पक्ष क्यों नहीं नजर आता है, जिसे 'असंगठित क्षेत्र' कहा जाता है, जबकि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को किसी भी आर्थिक संकट से सबसे पहले सुरक्षित किया जाना चाहिए।**

सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि देश में वित्तीय वर्ष 2021-22 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार करीब 44 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों के रूप में कार्यरत थे। इनमें कृषि क्षेत्र, निर्माण और छोटे उद्योगों के श्रमिक तथा निजी प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, सड़क किनारे भोजन सामग्री बेचने वाले आदि सम्मिलित हैं। कोरोनाकाल में पूर्णबंदी का सबसे अधिक असर भी इसी वर्ग पर हुआ था।

वर्ष 2026 की शुरुआत वैश्विक स्तर की कुछ घटनाओं के कारण देश के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए काफी चिंताजनक रही। मसलन, एक जनवरी, 2026 से जब चीन ने अपने यहां चांदी के निर्यात को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया, तो उससे भारत के घरेलू बाजार में चांदी के मूल्य अप्रत्याशित रूप से इतने बढ़ गए, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

देश के घरेलू बाजार में चांदी की खपत एकाएक कम हुई, तो उसके दुष्प्रभाव भी इसी असंगठित क्षेत्र पर सबसे ज्यादा दिखे। यह बहुत साधारण विश्लेषण है कि जब चांदी की पाजेब पांच से दस हजार रुपए के मूल्य से चार गुना महंगी हो जाएगी, तो उसे आम आदमी क्यों खरीदेगा? फिर इससे चांदी के व्यापार में श्रमिकों का रोजगार कैसे बना रहेगा? यह सब भले ही वैश्विक संकट की उपज थी, मगर देश की आर्थिक नीतियों में कोई भी दूरदर्शिता इस असंगठित क्षेत्र के कामकाजी श्रमिकों के पक्ष में नहीं दिखी।

कतार और इंतजार

कुछ इसी तरह की स्थिति वर्तमान में भी बनी हुई है, जब ईरान, इजराइल और अमेरिका के युद्ध के कारण रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई, तो इसकी सबसे अधिक मार असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों पर ही पड़ रही है। उन्हें घरों में भोजन बनाने के लिए लंबी कतारों में खड़े होकर गैस सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है।

दूसरा, इस मार का आर्थिक दबाव भी उन्हीं पर पड़ रहा है, जो किसी को नहीं दिख रहा है। आंकड़ों के हिसाब से बड़े शहरों, राजधानियों और महानगरों की तंग गलियों में स्थापित छोटे भोजनालयों से लेकर कारखानों तक में एलपीजी की आपूर्ति में हुई कमी के कारण इसका असर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की आजीविका पर भी पड़ने लगा है।

इसके अलावा यह पक्ष भी इस संकट की तस्वीर में नहीं दिख रहा है कि एलपीजी की किल्लत से भोजन व्यवसाय महंगा हो गया है और इसका आर्थिक दबाव सड़कों पर चलने वाले टैक्सी चालकों से लेकर ऐसे व्यक्तियों पर बहुत अधिक पड़ रहा है, जो दिन में एक दफा भोजन करके घर से बाहर रहते हैं।

इसी तरह कारखानों में कार्यरत श्रमिक न्यूनतम मूल्य पर कैंटीन में ही भोजन कर लिया करते थे, मगर अब यह भी बंद होने लगा है, क्योंकि कैंटीन में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कमी हो गई है।

भ्रम का असर

आर्थिक नीतियों में भ्रम का असर भारत के पूंजी बाजारों के प्रदर्शन पर भी देखने को मिला है। एक रपट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर तेजी से उभरने वाली अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजारों में एक जनवरी, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान करीब पचास फीसद से अधिक का 'रिटर्न' देखा गया है और ब्राजील में तो यह आंकड़ा अस्सी फीसद था।

वहीं भारत के पूंजी बाजार में इसी अवधि के दौरान 'रिटर्न' एक फीसद के लगभग नकारात्मक रहा है। पूरे विश्व में सऊदी अरब के बाद भारत सबसे खराब प्रदर्शन वाला पूंजी बाजार रहा। कारण, भारत के शेयर बाजार की कंपनियों में आर्थिक निवेश बहुत महंगे हैं या वे वर्तमान में बहुत अधिक मूल्य पर मूल्यांकित हैं।

इस पक्ष पर क्या ये सोचना गलत है कि भारतीय आर्थिक नीतियां इस भ्रम में थीं कि देश तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और यहां का घरेलू बाजार विश्व में सबसे अधिक क्रय क्षमता रखता है, जिसके चलते विदेशी निवेश भारतीय बाजारों में आएगा ही।

शायद इसी भ्रम की वजह से भारत विश्व का एकमात्र देश था, जिसने विदेशी पूंजी निवेश पर दीर्घकालिक पूंजीगत कर भी लगाया। मगर आज परिणाम बिल्कुल विपरीत हो गया है। इस सब में भी आर्थिक रूप से सबसे अधिक प्रभावित एक आम आदमी ही हुआ है, जो अपने निवेश को एसआइपी के माध्यम से पूंजी बाजारों को सौंप रहा है।

महंगाई की रफ्तार

पिछले कुछ समय से आर्थिक निवेश का प्रवाह म्युचुअल फंड के अंतर्गत बहुत अधिक प्रचलन में है। और यकीनन छोटे निजी क्षेत्रों में और असंगठित क्षेत्रों से जुड़े वे लोग जिनकी कमाई बहुत अधिक नहीं है, वे भी बड़े स्तर पर अपनी बचत को आकर्षक वापसी की चाहत में एसआइपी में निवेश कर रहे हैं।

उन पर भी इन्हीं आर्थिक वैश्विक उठापटक की मार पूंजी बाजार में देखने को मिली है। इसके अलावा ईरान, इजराइल और अमेरिका के युद्ध के चलते कच्चे तेल के मूल्यों में बढ़ोतरी और डालर के मुकाबले कमजोर होते रुपए की वजह से घरेलू बाजार में वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं।

अब सवाल है कि आर्थिक नीतियों के किस पक्ष से कोई राहत देने की कोशिश की जाएगी? क्या पिछले वर्ष दिवाली से पूर्व जीएसटी दरों में की गई कटौती का समय सही था? उस दौरान के बजाय अगर वर्तमान समय में कच्चे तेल के मूल्य में हुई बढ़ोतरी के कारण वस्तुओं के दाम बढ़ने से होने वाली महंगाई को नियंत्रण में करने के लिए जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के उपाय किए जाते, तो वे अपनी सार्थकता को सही ढंग से साबित कर पाते। अब तो वह विकल्प भी उपलब्ध नहीं होगा। (यह लेखक के अपने विचार है)

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए टीम रवाना

**कटिहार (नबिटासं)।** लखीसराय में आयोजित अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कटिहार जिला महिला फुटबॉल की टीम मंगलवार को रवाना हुई। एक अप्रैल को कटिहार का पहला मुकाबला नालंदा जिले से होगा। जिला फुटबॉल संघ के संरक्षक सह विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में जिला महिला फुटबॉल संघ की अध्यक्ष सह कटिहार नगर निगम की मेयर उषा देवी अग्रवाल ने खिलाड़ियों की टीम को लखीसराय के लिए रवाना किया।



टीम की अध्यक्ष सह मेयर ने सभी खिलाड़ियों को बूट प्रदान करते हुए जीत की शुभकामनाएं दी। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश गाडोदिया ने सभी खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान किया और महिला फुटबॉल में कटिहार का नाम रोशन करने की बात कही। फुटबॉल संघ के सचिव शंकर साह ने खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने की आशा जतायी। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के महासचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला, कोषाध्यक्ष उदय साधुखां, सह कोषाध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ राजा, टीम मैनेजर सुभाशीष मुर्मू, कोच विनोद चौधरी, अमित कुमार, सुनील हेम्ब्रम, गोपाल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### चकमन में बालवाड़ी केंद्र का हुआ शुभारंभ

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या पांच चकमन में बालवाड़ी केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन स्थानीय वार्ड सदस्य विवेकानंद मंडल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री मंडल ने कहा कि इस बालवाड़ी केंद्र में सात माह से लेकर तीन साल के अंदर के बच्चे की पढ़ाई कराया जाएगा। साथ ही पोषण वाटिका के तहत न्यूट्रीशन में खिचड़ी अंडा दिया जाएगा। इस केंद्र में 15 बच्चे का नामांकन किया गया । साथ ही इस



बालवाड़ी केंद्र के देखरेख करने के लिए रिंकी देवी,जूली देवी,रूबी खातून का चयन किया गया है। जो 15 बच्चों को प्रत्येक दिन बालवाड़ी केंद्र लाएंगे उन्हें न्यूट्रिशन के तहत खिचड़ी अंडा देंगे साथ ही उन्हें बालवाड़ी केंद्र में बैठने के साथ खेलकूद के साथ शिक्षा की भी जानकारी देंगे । इस बालवाड़ी केंद्र का देखरेख सेवा भारत के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 86 के आंगनबाड़ी सेविका रुना देवी,सहायिका निर्मला देवी,आशा शीला कुमारी सहित प्रदीप साह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद ने फीता काटकर रंगोली गार्डन का किया उद्घाटन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के चितौड़िया पंचायत के किसान चौक बथना अवस्थित उदामा रखा के पास मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव ने फीता काटकर रंगोली गार्डन का उद्घाटन किया। कहां की ग्रामीण परिवेश में इस तरह के गार्डन खुल जाने से अब



लोगों को शहर की ओर शादी विवाह में गार्डन बुक कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब ग्रामीण क्षेत्र में भी लोग गार्डन बुक कर शादी विवाह आराम से कर सकेंगे। यह गार्डन अब किसान चौक बथना के उदामारखा के पास खुल गया। जिसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर रंगोली गार्डन के प्रोपराइटर दयानंद यादव ने कहा कि सामाजिक कार्य मेरी पहली प्राथमिकता हैं,दो वर्ष पूर्व चटनी विला रेस्टोरेंट खोला गया। आम ग्रामीणों की काफी मांग था कि इस जगह पर शादी विवाह के लिए गार्डन होना चाहिए,आम लोगों की मांग पर रंगोली गार्डन को सुसज्जित तरीके से निर्माण कराए जिसका विधिवत उद्घाटन मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव के हाथों किया गया अब आम लोग इस रंगोली गार्डन को शादी विवाह बर्थडे आदि के लिए सस्ते दामों में बुक करा सकते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री रामप्रकाश महतो,कांग्रेस के तौकीर आलम,राजन यादव, धनंजय यादव,सुभाष कुमार यादव, दिलीप यादव,रतन कुमार यादव,प्रमोद कुमार रजक आदि उपस्थित रहे ।

### भूकंप रोधी भवन निर्माण को लेकर राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण 10 दिन चलेगा

**आजमनगर/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक भवन सभा कक्ष में बिहार सरकार के की ओर से प्रशिक्षण शिविर में राज मिस्त्रियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया ।औरंगाबाद से आऐ ट्रेनर ओम प्रकाश कुमार ने बताया कि भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए ट्रेनिंग दिया जाना है। 10 दिवसीय



ट्रेनिंग के दौरान राजमिस्त्रियों को भोजन के अलावा 7000 नगद तथा ₹1000 की औजार मुहैया कराए जाएंगे। साथ ही एक प्रशिक्षण पत्र भी दी जाएगी। उक्त प्रशिक्षण पत्र से अन्यत्र अथवा अपने राज्य स्तर पर बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में कार्य करने हेतु भागीदारी मिल पाएगी। वह राजमिस्त्री उक्त प्रमाण पत्र के आधार पर प्रशिक्षित राज मिस्त्री कहलाएंगे। इस मौके पर सैकड़ो की तादाद में प्रशिक्षण ले रहे राजमिस्त्री ट्रेनर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कटिहार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की सख्ती से नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत दो बच्चों का रेस्क्यू



**कटिहार (नबिटासं)।** रेलवे सुरक्षा बल कटिहार की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को एक ओर जहां अवैध शराब तस्करी पर करारा प्रहार किया गया। वहीं दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए आरपीएफ द्वारा ह्यनन्हे फरिश्तेह्न अभियान के तहत दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बचाया गया। इसी बीच आरपीएफ पोस्ट ईस्ट में नए पोस्ट कमांडर के रूप में विक्रम कुमार ने बीते सप्ताह योगदान देकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती प्रदान की है।

# ऑटो दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार) ।** प्रखंड के लगुआ ग्राम के रहने वाले अब्दुल सलाम के पुत्र 15 वर्षीय मोहम्मद शोएब की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिलीगुड़ी के चिकित्सक ने भी जवाब दे दिया था। परंतु इस बीच उसकी मौत हो गई। सोमवार को पुरिया पूल पर ट्रैक्टर और ऑटो के बीच हुई टक्कर में महिला के साथ घायल हुए नवमी क्लास का छात्र मोहम्मद शोएब की मृत्यु हो गई है। परिजन बताते हैं कि वह ट्यूशन पढ़कर ऑटो में बैठकर घर आ रहा था। इसी बीच अंधकार के चलते पूल के ऊपर खराब परी खड़ी ट्रैक्टर से ऑटो टकरा गई जिसमें ऑटो सवार एक महिला और मोहम्मद शोएब बुरी तरह से जख्मी हो गया था।



वहीं कल ही अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल को बाहर रेफर कर दिया था। परिजन पहले शोएब को कटिहार ले गए वहां से जब रेफर कर दिया तो वे लोग पूर्णिया ले गए पूर्णिया के डॉक्टरों ने भी जवाब दे दिया तो वह लोग को सिलीगुड़ी ले गए । सिलीगुड़ी के चिकित्सक ने मोहम्मद शोएब स्थिति को देखते हुए तुरंत परिजनों को बुलाकर घर ले जाने को कहा कि उनकी स्थिति ठीक नहीं है और कुछ ही घंटे के मेहमान है। परिजन ने तुरंत एंबुलेंस कर घर के लिए रवाना हो गया जहां रास्ते में ही मोहम्मद शोएब ने अंतिम सांस ले ली। वहीं मृत्यु होने की सूचना परिजन को मिली परिजन रोने बिलखने लगे तथा सुबह जैसे ही मोहम्मद शोएब का शव गांव पहुंचा लोगों का अंतिम दर्शन के लिए हुजुम लग गई। तथा जिनके 4:00 बजे मृतक शोएब जनाजे की नमाज के बाद दफना दिया गया।

# महावीर जयंती पर भगवान को सिंहासन पर बिठाकर निकाली गयी प्रभातफेरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ जियो और जीने दो के पावन नारों से गुंजायमान हुआ बारसोई नगर

**बारसोई (कटिहार) ।** जैन धर्म के 24 वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को दिगंबर जैन मंदिर बारसोई की ओर से प्रभातफेरी का



आयोजन किया गया। जब सुबह की पहली किरण धरती को छू रही थी तभी बारसोई की गलियाँ एक दिव्य उदघोष से जाग उठीं "जियो और जीने दो।

सूर्योदय से पूर्व ही मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। धूप, दीप और पुष्पों से सजे भगवान महावीर के सिंहासन के समक्ष श्रद्धालु नतमस्तक हो उठे। मंदिर का वातावरण आस्था और भक्ति की सुगंध से महक उठा। तत्पश्चात भगवान महावीर की पवित्र प्रतिमा को भव्य सिंहासन पर स्थापित कर ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे की मधुर ध्वनि के साथ शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। जैन धर्मावलंबियों के साथ विभिन्न समाजों के श्रद्धालु भी इस यात्रा में सम्मिलित हुये। यह दृश्य सच्चे सामाजिक सद्भाव का जीवंत प्रमाण था। चारों दिशाओं में गूँजती रही सत्य, अहिंसा, त्याग और बलिदान" की पुकार, प्रभातफेरी पुनः जैन मंदिर पहुँचकर सम्पन्न हुई। जहाँ उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जीवन-आदर्शों अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और अनेकांत पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया।शोभायात्रा में दिगंबर जैन समाज के विजय जैन, रूपचंद जैन, तेजपाल जैन,पदम जैन, दिलीप जैन, गौतम जैन, जयप्रकाश जैन, टिल्लू जैन सहित सरला देवी, बसंती देवी, अनिता देवी, इन्द्रा देवी, पुष्पा देवी, प्रीति जैन, प्रियंका जैन, आशा जैन एवं समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

15

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** पोठिया थाना क्षेत्र के डूमरझछोहार सड़क मार्ग पर सोमवार देर रात्रि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। छोहार पंचायत के वार्ड नंबर 10 गोढ़ियारी निवासी शंभू महलदार का पुत्र राजेश सिंह(42) अपने साइकिल से डूमर से घर जा रहा था। इसी दौरान नली पुल के पास अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे वह पुल से टकराकर बुरी तरह जख्मी हो गया।



घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी राहुल कुमार भारती व सरपंच प्रतिनिधि मधुकर कुमार ने मिलकर घायल को समेली अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक डॉ.अनुपम आलोक के द्वारा जांचोंपरांत प्राथमिक उपचार किया।इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना पोठिया थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पोठिया थाना की पुलिस दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचा। शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत काढागोला स्टेशन पर मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** मंगलवार की सुबह काढागोला रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार स्टेशन के पूर्वी छोर पर प्लेटफॉर्म संख्या-2 की अप लाइन पर ट्रेन से गिरने के कारण युवक की जान चली गई।घटना सुबह करीब साढ़े 6 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर तैनात जीआरपी के जवान पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान अररिया जिले के निवासी सैयद कुमार के 17 वर्षीय पुत्र सुदर्शन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल गमगीन हो गया।

# गुदड़ी के लाल ने किया कमाल, कांग्रेस नेत्री ने जिला टॉपर को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या पांच चकमन में गुदड़ी के लाल ने किया कमाल इस मौके पर कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम आने के बाद जिला टॉपर अमन कुमार पिता निर्मल कुमार साह के आवास पहुंचे। उन्हें जिला टॉप करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

इस मौके पर कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता ने कटिहार टॉपर को फूलों का माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किए एवं आगे की तैयारी करने के लिए लुसेंट बुक देकर सम्मानित किए इस दौरान अमन को मिठाई खिलाकर उन्हें आगे इंटर की पढ़ाई करने के लिए एक साल तक कोचिंग की सुविधा अपने तरफ से निःशुल्क करने की बात कही। उन्होंने कहा कि काफी खुशी की बात हैं कटिहार जिले के मनिहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनसाही प्रखंड में पहली बार कटिहार टॉपर अमन कुमार बने हैं इन्हें अपने कांग्रेस परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि अमन आगे चलकर इंजीनियर आदि तैयारी करते हैं,तो मेरी तरफ से पूरी सुविधा मिलेगी। वहीं कटिहार टॉपर अमन कुमार ने कहा कि मुझे इंटर में साइंस के साथ इंजीनियरिंग की तैयारी करना हैं। इस अवसर पर आजाद कुमार यादव,सुनील कुमार यादव,लालू प्रसाद यादव, स्थानीय वार्ड सदस्य विवेकानंद मंडल,सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार रजक,पंच सदस्य निरंजन मंडल,एमएस ग्लोबल एकेडमी के निदेशक मसकर राज आदि उपस्थित रहे ।

# एलपीजी गैस किल्लत के विरोध में सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**2 अप्रैल को हर प्रखंड मुख्यालय पर होगा प्रदर्शन**

**कटिहार।** जिले में एलपीजी गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। पार्टी ने ऐलान किया है कि आगामी 2 अप्रैल को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।इसको लेकर कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में कटिहार ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान एआईसीसी सदस्य केशर सिंह ने कहा कि आम जनता आज रसोई गैस की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों से जूझ रही है, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर मौन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगी और प्रशासन को जगाने का काम करेगी। इसके लिए उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।वहीं कटिहार कांग्रेस प्रभारी अमन कुमार यादव ने कहा कि आज की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां महिलाओं को एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि 2 अप्रैल को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगे और भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि 2 अप्रैल को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर होने वाला प्रदर्शन जनता की आवाज को बुलंद करने का एक बड़ा मंच होगा। मौके पर कटिहार कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, अंजुमन कौशल उर्फ आम्रपाली यादव, शंकर सिंह, विनोद यादव, राज आनंद सिंह, पुतुल सिंह, जहांगीर आलम सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# निगम की बैठक में पार्क निर्माण, स्ट्रीट लाइट व ट्रैफिक सिग्नल पर विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम सभागार में महापौर उषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में विशेष बजट सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट पारित किया गया। यह बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि कटिहार के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का एक सशक्त रोडमैप है। इस वर्ष कुल ₹3,07,35,86,855 का बजट प्रस्तावित किया गया है। जिसमें नगर निगम के सभी 45 वार्डों के संतुलित एवं समग्र विकास को प्राथमिकता दी गई है।



शहर के लिए मुख्य प्राथमिकता सुदृढ़ सड़क एवं नाला निर्माण, शहर का सौंदर्यीकरण,पार्क निर्माण, आधुनिक स्ट्रीट लाइट व ट्रैफिक सिग्नल,पूरे शहर में सीसीटीवी सुरक्षा व्यवस्था,जल - जीवन नह-हरियाली, शहरी पेयजल योजना एवं हर घर नल का जल, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज एवं गली-नाली पक्कीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, समग्र शहरी विकास एवं मोक्ष धाम निर्माण प्रमुख है। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार सहित निगम पार्षद बिट्टू घोष, मुन्नी देवी, संजय महतो, निक्कू सिंह, आलोक वर्मा, संतोष देवी, उमेश पासवान, दिनेश पांडेय, हर्षवर्धन, अशद इकबाल, चन्द्रशेखर यादव, कविता पाल, चांदनी देवी व सहायक अभियंता विवेक कुमार, सीटी मैनेजर ज्योति कृष्णमुर्ति, कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, नुर आलम, कैलाश चौधरी, परवेज सलीम, अभिषेक कुमार सिंह उर्फ जिम्मी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# डीसीएम को दी गयी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार रेल मंडल में पदस्थापित मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती संगीता मीणा के हाजीपुर जोन में स्थानांतरण के अवसर पर वाणिज्य विभाग की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रीमती मीणा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, कार्यकुशलता एवं विभागीय विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उनके कार्यकाल में वाणिज्य विभाग ने कई उपलब्धियां हासिल की। जिससे मंडल की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया।



इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह एवं निशांत कुमार सहित वाणिज्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य कार्यालय अधीक्षक श्रीमती जेनी लकड़ा ने किया। अपने संबोधन में श्रीमती संगीता मीणा ने कटिहार रेल मंडल में मिले सहयोग के लिए सभी सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने की बात कही। समारोह के अंत में सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रतिमा के जल प्रवाह के साथ चार दिवसीय मेला का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर पंचायत के डुमरिया में आयोजित चार दिवसीय मेला का भगवती को जल-प्रवाह करने के साथ समापन हो गया।सैकड़ों की संख्या में महिला -पुरुष श्रद्धालुओं ने नम ऑखों से मैया की प्रतिमा को विदाई दी। इस दौरान जहॉ भारी मात्रा में बताशा लुटाये तो वहीं महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदुर लगाकर भगवती की कृपा बने रहने की कामना की।



अपराह्न दो बजे से ही मंदिर परिसर में बज रहे विदाई गीत से श्रद्धालु भावुक होने को विवश हो रहे थे। वहीं जय माता दी,दुर्गा माता की जय जैसे गगनभेदी नारा आसपास को भक्तिमय बना रहा था। मंदिर से दर्शन घाट तक की लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक चला विसर्जन जुलूस दो घंटे में पूरा हुआ और सूर्यास्त से पूर्व हीं प्रतिमा को जल-प्रवाह कर दिया गया।मंदिर से प्रतिमा के निकलते हीं दुकानदारों ने मेले में सजी अपनी दुकानों को समेटना शुरू कर दिया। विसर्जन यात्रा के दौरान विधि-व्यवस्था तथा सुगम आवागमन बनाये रखने को लेकर अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह के नेतृत्व में एएसआई सुमन कुमार के साथ डंडखोरा पुलिस सक्रिय रहे।

# पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों की स्थिति पर समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख नीलू देवी ने की। बैठक में पुर्व से पारित प्रस्ताव व योजनाओं की संपुष्टि के बाद सदन की कारवाई शुरू की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद मौजूद रहें। बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति पर बारी-बारी से समीक्षा की गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की समीक्षा दौरान प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने से पूर्व डिप्टी सीएम ने कारवाई को लेकर निर्देशित किये हैं।



बताया गया कि बैठक में बार-बार अनुपस्थित रहने से सदन में काफी रोष है। साथ ही सरकार की जी राम जी योजना के समीक्षा दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर भी कारवाई को लेकर सदन को निर्देशित किए हैं। मौके पर विद्यालय भवन निर्माण आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण सहित सरकार की चलाई जा रही सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित विभागों की कारवाई की बारी-बारी से समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सदन में उपस्थित सदस्यों को दी गई। साथ ही जी राम जी के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति, मजदूरों को समय पर भुगतान, कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, पशुपालन टीकाकरण दवाई की उपलब्धता महिला समूह के सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। वहीं सदन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति,शुद्ध पेयजल, विद्यालय भवन की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति आदि को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त किया। सदन में अनुपस्थित पदाधिकारी व कर्मियों पर कारवाई हेतु मांग की गई। सदन में उपस्थित सदस्यों ने सरकार की चलाई जा रही है सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों को समय पर मिले इसको ध्यान में रखते हुए कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर बीडीओ रीना देवी, सीओ कृष्ण मोहन कुमार, उपप्रमुख रीना देवी, पूर्व प्रमुख मनोज मंडल, पंचायत समिति सदस्य मो अजीमुद्दीन, अरजलाल सोरेन, शत्रुघ्न मंडल, मुखिया कंदलाल मुर्मू, मो रुस्तम अली, सागर यादव, कनीय अभियंता रघुनंदन प्रसाद, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सानू कुमार झा, कृषि पदाधिकारी मनीषा यादव, पंचायत सचिव आशुतोष कुमार, ज्योति कुमारी सहित संबंधित पदाधिकारी व कर्मीगण आदि मौजूद रहें।

## 600 करोड़ का आईपीओ ला रही सत्या, सेबी में दाखिल किए ड्राफ्ट पेपर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सत्या एजेंसी ने सेबी के पास अपने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा किए हैं। कंपनी इस के जरिए कुल 600 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। पीटीआई की खबर के मुताबिक इसमें 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि बाकी 300 करोड़ रुपये के शेयर प्रमोटर्स द्वारा बेचे जाएंगे, जिसे ऑफर फॉर सेल कहा जाता है। कंपनी के प्रमोटर जॉनसन असारिया, जे जॉन सत्या और चार्ल्स पैकियाराज इस में अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचेंगे। ये तीनों मिलकर 300 करोड़




रुपये के शेयर बेचेंगे, यानी हर प्रमोटर लगभग 100 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगा। सत्या एजेंसी की स्थापना 2005 में हुई थी और यह कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (जैसे टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन आदि) की रिटेल बिक्री करती है। कंपनी के स्टोर दक्षिण भारत के कई राज्यों आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक में मौजूद हैं। आईपीओ से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को चुकाने या कम करने में करेगी। इसके अलावा, कंपनी अपनी सहायक कंपनी यूनीलेट अप्लॉयंस प्राइवेट लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदने के लिए भी इस पैसे का उपयोग करेगी। बाकी राशि सामान्य कारोबारी जरूरतों में खर्च की जाएगी।

## आज भारत में भी एलपीजी के रेट अपडेट होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-अमेरिका-इजरायल जंग की आग अब सड़क से रसोई तक पहुंच गया



है। यह आंच भारत में भी देखने को मिल रही है। सप्लाई को लेकर अधिकतर देश त्रस्त हैं। वहीं, कई देशों में एलपीजी भी महंगी हुई है। कल 1 अप्रैल भारत में भी एलपीजी के रेट अपडेट होंगे। हालांकि, इससे पहले आज देखें प्रमुख शहरों में एलपीजी सिलेंडर के आज के क्या रेट हैं सप्लाई को लेकर क्या कोई अपडेट है और एलपीजी संकट को लेकर किसे और किस नंबर पर कॉल करें भारत के कई देशों में कहीं लंबी कतारें, तो कहीं बुकिंग में देरी। एक अदद गैस सिलेंडर के लिए हर कोई परेशान है। पैनिक बाइंग की वजह से गैस एजेंसियों के आगे तड़के तीन बजे से ही लंबी कतारें लग जा रही हैं। ऐसे में अगर आपको सप्लाई से संबंधित कोई दिक्कत आ रही है तो कुछ हेल्पलाइन नंबर नीचे हैं, उनका प्रयोग कर सकते हैं। केंद्र सरकार घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी परिवहन के लिए 100 फीसदी प्राकृतिक गैस उपलब्ध करा रही। रविवार को 95 फीसदी एलपीजी की बुकिंग ऑनलाइन की गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए ये जानकारी दी। एशिया और यूरोप के कई देशों में कीमतें 60 से 70 प्रति लीटर या उससे ऊपर पहुंच चुकी हैं। भारत में भी 7 मार्च को रेट में 115 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई। वहीं, कंबोडिया में एलपीजी की कीमत में तेज उछाल देखा गया है। एलपीजी के दाम 6.2 प्रतिशत बढ़कर 3,200 रियाल (करीब 0.80 डॉलर) से 3,400 रियाल (करीब 0.85 डॉलर) प्रति लीटर तक पहुंच गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को बताया कि कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए मंत्रालय ने राज्यों से कंट्रोल रूम स्थापित करने और रोजाना विस्तृत जानकारी देने को कहा है।

# दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में एक ही परिवार के 3 अरबपतियों की एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अमीरों की टॉप-10 लिस्ट में एक साथ एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने जगह बनाई है। रिटेल सेक्टर से जुड़े जिम वॉल्टन, रॉब वॉल्टर और एलिस वॉल्टन क्रमशः 8वें, 9वें और 10वें पोजीशन पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के टॉप-10 अरबपतियों में से वॉरेन बफेट, माइकल डेल और जेनसेंग हुआंग जैसे दिग्गज अब बाहर हो चुके हैं। वॉल्टन फैमिली दुनिया के सबसे अमीर परिवारों में गिनी जाती है। यह अमेरिका की रिटेल दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट के संस्थापक परिवार है। सैम वॉल्टन ने इस परिवार की नींव रखी थी। उन्होंने वॉलमार्ट की शुरुआत की थी। उनका उद्देश्य कम कीमत पर लोगों को ज्यादा सामान उपलब्ध कराना था।

**वॉल्टन परिवार के प्रमुख सदस्य:** रॉब वॉल्टन सैम वॉल्टन के बड़े बेटे हैं। रॉब लंबे समय तक वॉलमार्ट के चेयरमैन रहे और कंपनी की स्ट्रैटजी और विस्तार में बड़ी भूमिका निभाई। दूसरे जिम वॉल्टन वॉलमार्ट के साथ-साथ बैंकिंग सेक्टर में भी सक्रिय हैं। ये परिवार के इन्वेस्टमेंट और फाइनेंस को संभालते हैं। एलिस वॉल्टन क्रिस्टल ब्रिज म्यूजियम ऑफ अमेरिकन आर्ट की संस्थापक हैं। इन



तीनों की संपत्ति का मुख्य स्रोत वॉलमार्ट में हिस्सेदारी है। बता दें वॉलमार्ट दुनिया की सबसे बड़ी रिटेल कंपनियों में से एक है।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में दूसरे नंबर पर लैरी पेज है। इनकी संपत्ति में सोमवार को 856 मिलियन डॉल की गिरावट दर्ज की गई। इस साल अबतक 32.7 अरब डॉलर गंवाने के बाद अब इनका नेटवर्थ 236 अरब डॉलर रह गया है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस 224 अरब डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर हैं। सोमवार को इनकी संपत्ति में 995 मिलियन डॉलर का इजाफ हुआ। हालांकि, बेजोस की दौलत में इस साल अबतक 29.7 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई है। चौथे नंबर पर सर्गी ब्रिन हैं। इस साल अबतक इनकी दौलत में 30.2 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई।

## दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में कौन कहां है

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति 632 अरब डॉलर है। सोमवार को उनकी संपत्ति में 4.70 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस साल अबतक मस्क के नेटवर्थ में 12.6 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। सोमवार को 840 मिलियन डॉलर गंवाने के बाद अब इनका नेटवर्थ 220 अरब डॉलर रह गया है। 5वें स्थान पर मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग हैं ओर इस साल अबतक 42.7 अरब डॉलर गंवा चुके हैं। हालांकि, सोमवार को मेटा के शेयरों में आई तेजी के चलते इनकी दौलत में 3.57 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अब इनके पास 191 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। छठे पोजीशन पर लैरी एलिसन हैं। इस साल सबसे अधिक नुकसान इन्होंने ने ही उठाया है। सोमवार को 1.63 अरब डॉलर के नुकसान के साथ इस साल अबतक इन्हें 61.3 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। इनका नेटवर्थ अब 186 अरब डॉलर रह गया है। सातवें पर बर्नार्ड अरनाल्ट हैं। इनकी कुल संपत्ति 151 अरब डॉलर है। इस साल इन्हें अबतक 56.4 अरब डॉलर की चोट पहुंच चुकी है।

# पेट्रोल-डीजल से टैक्स घटाने के बाद सस्ता हो गया तेल

### क्रूड की कीमतों में लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युद्ध के बीच पिछले दिनों सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये टैक्स घटाया था। इसका असर ये है कि कच्चे तेल में उछाल के बावजूद आज भी भारत पेट्रोलियम समेत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं।

युद्ध के बीच पिछले दिनों सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये टैक्स घटाया था। इसका असर ये है कि कच्चे तेल में उछाल के बावजूद आज भी भारत पेट्रोलियम समेत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। अगर सरल शब्दों में कहें तो इस टैक्स की कटौती से भारत के पेट्रोल-डीजल उपभोक्ता रेट में एक बड़ी बढ़ोतरी से बच गए। जब कच्चे तेल की सप्लाई में रुकावटों के चलते कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम पहले से ही बढ़ चुके हैं वहीं, भारत के उपभोक्ताओं के लिए यह मंगलवार भी राहत लेकर आया है। 30 मार्च की सुबह छह बजे जारी रेट के मुताबिक दिल्ली के इंडियन ऑयल के पंपों पर साधारण पेट्रोल की रिटेल कीमत 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर है। जबकि, पेट्रोल 101.89 और ङ्गल डीजल 91.49 रुपये प्रति लीटर है। भारत में सबसे सस्ता तेल पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 82.46 प्रति लीटर है तो डीजल 78.05 प्रति लीटर।

**बंगाल में पेट्रोल 106 के भी पार:** आज पश्चिम बंगाल के शहरों की बात करें तो अलीपुर में पेट्रोल 104.99 प्रति लीटर, बहरामपुर में 106.12, बारासात में 105.24, वर्धमान में 105.33, कूचबिहार में 106.14, हुगली में 105.52, हावड़ा में 104.99 लीटर है। अमेरिका-ईरान-इजरायल युद्ध के बीच कच्चे तेल के रेट में उछाल है। ब्रेंट क्रूड 2.34 डॉलर उछलकर 109.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जबकि, क्रूड 3.57 डॉलर उछलकर 106.45




डॉलर प्रति बैरल पर है। 82.46 प्रति लीटर ईटानगर, अरुणाचल प्रदेशः 90.87 प्रति लीटर सिलवासा, दादरा और नगर हवेलीः 92.37 प्रति लीटर दमन, दमन और दीवः 92.55 प्रति लीटर हरिद्वार, उत्तराखंडः 92.78 प्रति लीटर रुद्रपुर, उत्तराखंडः 92.94 प्रति लीटर उना, हिमाचल प्रदेशः 93.27 प्रति लीटर देहरादून, उत्तराखंडः 93.35 प्रति लीटर नैनीताल, उत्तराखंडः 93.41 प्रति लीटर भारत में सबसे सस्ता डीजल बेचने वाले शहर पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूहः 78.05 प्रति लीटर जम्मू, जम्मू और कश्मीरः 81.32 प्रति लीटर संबा, जम्मू और कश्मीरः 81.58 प्रति लीटर कठुआ, जम्मू और कश्मीरः 81.97 प्रति लीटर उधमपुर, जम्मू और कश्मीरः 82.15 प्रति लीटर चंडीगढ़ः 82.44 प्रति लीटर राजौरी।

### हर तरफ हाहाकार

## साउथ कोरिया, जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक, शेयर बाजारों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया के कई दिग्गज शेयर बाजारों की स्थिति अच्छी नहीं है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष की वजह से निवेशकों काफी सहमें से नजर आ रहा रहे हैं। साउथ कोरिया के चश्ह्यश्चद्व में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, स्मॉल कैप 3 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया है। बाजार की स्थिति कितनी खराब है इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि साउथ कोरियाई वॉन, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.63 प्रतिशत गिरकर 1526.90 पर आ गया। साउथ कोरियाई वॉन 2009 के बाद यह सबसे निचला स्तर है। बता दें, जापान के 225 में 2.2 प्रतिशत और टोक्यो स्टॉक प्राइस इंडेक्स में 1.4 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार को 0.56 प्रतिशत लुढ़क गया। हॉन्ग-कॉन्ग के सेंग इंडेक्स सोमवार की क्लोजिंग 24750.80 के मुकाबले 24683 पर खुला है।

**घरेलू शेयर बाजारों में छुट्टीः** आज महावरी जयंती की वजह से घरेलू शेयर बाजार बंद हैं। इससे पहले सोमवार को बीएसई और एनएसई में भारी गिरावट देखने को मिली थी। रुपया रिकॉर्ड लो लेवल पर पहुंच



गया था। बता दें, सेंसेक्स कल सोमवार को 2.22 प्रतिशत या फिर 1635.67 अंक की गिरावट के साथ 71947.55 अंक पर क्लोज हुआ था। वहीं, निफ्टी आज 2.14 प्रतिशत या फिर 488.20 अंक की गिरावट के बाद 22331.40 अंक पर बंद हुआ था।

### रुपया रिकॉर्ड लो लेवल

कल सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले और कमजोर हो गया था। 1 डॉलर की कीमत 95 रुपये के स्तर को भी क्रॉस कर गई थी। हालांकि, फिर वहां से रुपये ने रिकवरी की। एक बार फिर रेट 94 तक आ गया।

### अमेरिका-ईरान युद्ध


जारी युद्ध की वजह से दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता प्रभावित होने की वजह से कच्चे तेल की कीमतें सातवें आसमान पर हैं। जिसकी वजह से दुनिया भर में महंगाई बढ़ने की आशंका है।

# पैन कार्ड, एचआरए से लेकर, टीए ईयर तक, आज से बदल रहे हैं कई नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक अप्रैल 2026 से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है। नए फाइनेंशियल ईयर की शुरु होते ही कई नियमों में बदलाव हो जाएगा। ये वो नियम हैं जिनका असर हमारे और आपके जीवन पर सीधा पड़ेगा। पैन कार्ड से लेकर टैक्स से जुड़े कई नियम बदलने जा रहे हैं।

दशकों पुराने टैक्स नियमों को और सरल बनाने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू किया जा रहा है। नए कानून में कई अनावश्यक सेक्शन को हटाया गया है। तो वहीं कई सेक्शन को और सरल बना गया है।

फाइनेंशियल ईयर और एसेसमेंट ईयर को टैक्स ईयर कहा जाएगा। इस कदम टैक्स पेयर्स के दिमाग से कंफ्यूजन समाप्त करने के लिए किया जा रहा है। नौकरीपेशा कर्मचारियों के लिए डेडलाइन 31 जुलाई ही है। नॉन




ऑडिट केस की डेडलाइन को बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है। सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स में बड़ा बदलाव हुआ है। जिसकी वजह से अब अधिक शुल्क देना होगा। 0.12 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। नए नियमों में जुडी छूट मिलती रहेगी। लेकिन अब और डॉक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ने जा रही है। कर्मचारियों को अब मकानमालिक का भी पैनकार्ड जमा करना होगा। साथ ही किराए के भुगतान का एक वैलिड प्रूफ देना होगा। नियोक्ता के द्वारा मिलने वाले मील कार्ड की टैक्स फ्री लिमिट को 50 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया गया है। यह सुविधा कर्मचारियों को ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत मिलेगी। अब 1 अप्रैल 2026 से कॉरपोरेट गिफ्ट कार्ड, वाउचर और कूपंस की लिमिट को 5000 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये कर दिया गया है। यह छूट ओल्ड और न्यू टैक्स रिजीम में मिलेगा। नए नियमों में एजुकेशन अलाउंस लिमिट को 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। वहीं, हॉस्टल अलाउंस को 300 रुपये से बढ़ाकर 9000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। अगर कोई व्यक्ति सेकेंड्री मार्केट से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को खरीदता है तब की स्थिति में वह कैपिटल गेन टैक्स के दायरे में आ जाएगा।

## इस लिस्टेड कंपनी के बदले प्रमोटर, 25 रुपये से भी कम भाव में ट्रेड कर रहा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आइसक्रीम कारोबार से जुड़ी कंपनी क्वालिटी वॉल्स (इंडिया) लिमिटेड ने एक बड़ी डील की है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि मैग्नम आइसक्रीम कंपनी होल्डको 1 नीदरलैंड्स बी.वी. ने कंपनी में 61.90% हिस्सेदारी हासिल कर ली है। नए प्रमोटर ने जून 2025 में हस्ताक्षरित शेयर खरीद समझौते के तहत यूनिलीवर पीएलसी और उसकी समूह कंपनियों सहित मौजूदा प्रमोटरों से 145.44 करोड़ शेयर खरीदे हैं। इस अधिग्रहण के साथ, मैग्नम आइसक्रीम नीदरलैंड्स अब क्वालिटी वॉल्स इंडिया को नियंत्रित करती है और आधिकारिक तौर पर प्रमोटर के रूप में है। कंपनी के बोर्ड ने नेतृत्व में बदलाव को भी मंजूरी दी। अभिजीत भट्टाचार्य को अध्यक्ष और अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है जबकि ताहिर तोलॉय तनरिदागली अतिरिक्त निदेशक के रूप में शामिल हुए हैं। रितेश तिवारी ने बोर्ड की बैठक समाप्त होने के बाद से अतिरिक्त निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। बोर्ड ने 30 मार्च, 2026 को हुई अपनी बैठक में शेयर हस्तांतरण, पुनर्वर्गीकरण और नियुक्तियों पर विचार किया। इस खबर के बीच क्वालिटी वॉल्स (इंडिया) के शेयर में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई और यह 3.57% टूटकर 22.66 रुपये पर आ गया। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 22.25 रुपये के लो तक आ गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है।

# रुपये में ऐतिहासिक गिरावट: क्या हैं इसके पीछे के कारण और आगे की राह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को पहली बार 95 का स्तर पार कर गया। अगर कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहती है तो रुपया 98 के स्तर को भी छू सकता है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को पहली बार 95 का स्तर पार कर गया। हालांकि, बाद में यह कुछ संभला और अंत में 94.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। एक महीने में रुपया करीब चार फीसदी गिर चुका है। वहीं, इस वित्त वर्ष में रुपया 11% से ज्यादा टूट चुका है। वित्त वर्ष 2013 के बाद रुपये का यह सबसे खराब प्रदर्शन है। इससे कारोबारियों और निवेशकों की चिंता बढ़ती जा रही है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के 31वें दिन में प्रवेश करने से बाजारों में अनिश्चितता बनी रही और रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सोमवार के कारोबारी सत्र में रुपये में 165 पैसे का भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआत रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर खुला



और फिर मजबूत होकर 93.57 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 1.28 रुपये की बढ़त थी। यह मजबूती इसलिए आई, क्योंकि आरबीआई ने बैंकों के लिए एक दिन के लिए रखी जाने वाली 'नेट ओपन पोजिशन' की सीमा घटाकर 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर कर दी।

हालांकि, बाद में रुपया अपनी यह गति बरकरार नहीं रख सका और डॉलर के मुकाबले गिरकर ऑल टाइम लो 95.22 पर आ गया। अंत में रुपया 94.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव 94.85 से सात पैसे अधिक है।

भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2013-14 के आर्थिक संकट के बाद अपनी सबसे बड़ी गिरावट का सामना कर रहा है। उस दौरान रुपया पूरे वित्त वर्ष के दौरान 10.6 रुपये के करीब लुढ़का था, जबकि चालू वित्त में यह गिरावट 11 रुपये तक पहुंच गई है। रुपये पर दबाव बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। इनमें सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी निवेश का भारत से बाहर जाना, बढ़ता व्यापार घाटा और सोने का ज्यादा आयात शामिल है। साथ ही गिरावट का एक कारण यह भी है कि आरबीआई अब रुपये को एक निश्चित स्तर पर रोकने की बजाय धीरे-धीरे कमजोर होने दे रहा है ताकि विदेशी मुद्रा भंडार पर ज्यादा दबाव न पड़े।

हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक स्थिति को संभालने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी निवेश की निकासी और व्यापार घाटा रुपये पर दबाव बनाए हुए हैं। इससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि बाजार में भारी अस्थिरता है और निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहती है तो रुपया 98 के स्तर को भी छू सकता है। लेकिन अगर तेल की कीमतें कम होती हैं और विदेशी निवेश वापस आता है, तो रुपये में सुधार भी हो सकता है। 2013 जैसा बड़ा आर्थिक संकट अभी नहीं है। आरबीआई अब पहले की तरह रुपये को बचाने के लिए बहुत ज्यादा डॉलर नहीं बेच रहा है, बल्कि वह धीरे-धीरे रुपये को कमजोर होने दे रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे और अगर संकट लंबा चले तो देश के पास डॉलर की कमी न हो। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा कि आरबीआई विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखना चाहेगा।

### आठ साल बाद हुई कार्रवाई पर उठाए सवाल

## बॉन्ड की गलत बिक्री और... इस्तीफे पर पहली बार बोले एचडीएफसी बैंक के पूर्व चेयरमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने इस्तीफे के बाद पहली बार मीडिया के सामने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि एटी-1 बॉन्ड की गलत बिक्री और बैंक के खराब प्रदर्शन के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया था। एटी-1 (अतिरिक्त टियर-1) बॉन्ड के कारण बैंक पर नियामकों ने सवाल उठाये थे। चक्रवर्ती ने कहा कि प्रबंधन के साथ व्यक्तिगत मतभेद बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए हैं और इस महीने की शुरुआत में दिए गए इस्तीफे का कारण यह बिल्कुल भी नहीं था। उन्होंने कहा कि मूल्यों और नैतिकता में अंतर के कारण ही उन्होंने बोर्ड (निदेशक मंडल) से इस्तीफा दिया।

समाचार चैनल सीएनबीसी टीवी-18 के साथ बातचीत में, चक्रवर्ती ने खेद व्यक्त किया कि बैंक प्रबंधन द्वारा एटी-1 बॉन्ड की गलत जानकारी देकर की गई बिक्री को तकनीकी मुद्दा माना गया और इस मामले में कार्रवाई आठ साल बाद हुई, जबकि दुबई और भारत के नियामकों ने पहले ही इस मुद्दे को उठाया था।

उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि (गलत बिक्री से उत्पन्न) इस तरह की गतिविधियों संबंधी मुद्दे नहीं उठने चाहिए। कड़ी निगरानी से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि यदि वे उठते भी हैं, तो उन्हें शुरुआत में ही रोक दिया जाए। चक्रवर्ती ने कहा कि इस तरह की चीजों से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने याद दिलाया कि लोग सलाह लेने के लिए बैंक आते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि गलत बिक्री



न हो, क्षतिपूर्ति देने की गतिविधियां मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा- प्रोत्साहन संरचनाएं, प्रबंधन और बोर्ड को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जमाकर्ताओं, शेयरधारकों और आम जनता के हितों के अनुरूप काम करते हैं। बता दें कि पिछले साल सितंबर में, दुबई के अधिकारियों ने एचडीएफसी बैंक को दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर स्थित अपनी शाखा में नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था। यह रोक क्रेडिट सुइस के अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड की कथित गलत बिक्री के लिए जुर्माने रूप में लगाई गई थी।

# धार्मिक विरासत के साथ पर्यटन को मिल रही नई दिशा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र कुंडलपुर में आयोजित कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह महोत्सव न केवल नालंदा की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है, बल्कि पर्यटन विकास को भी नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुंडलपुर भगवान महावीर स्वामी की जन्मस्थली के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध है और यह श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस महोत्सव के माध्यम से यहां की ऐतिहासिक धरोहर, कला, संस्कृति और परंपराओं को व्यापक पहचान मिलती है। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि जैन साध्वी ज्ञानमती माता की प्रेरणा से वर्ष 2002 में इस महोत्सव की शुरुआत हुई थी और तब से वे इससे जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाया गया शराबबंदी अभियान भगवान महावीर के अहिंसा और संयम के संदेशों से प्रेरित एक सराहनीय कदम है। वहीं पर्यटन मंत्री अरुण शंकर ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति है, ऐसे में महावीर के उपदेश ही मानवता को शांति के मार्ग पर ले जा सकते हैं। महोत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों एवं पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने आगंतुकों को खासा आकर्षित किया। इस अवसर पर समिति के मंत्री विजय कुमार जैन, अतुल जैन (दिल्ली), चिरंजीलाल कासलीवाल (पटना), चन्द्रशेखर कासलीवाल (नासिक), सुमति देवी कासलीवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे।



कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य आगाज, दीप प्रज्वलित कर मंत्रियों ने किया उद्घाटन

# अंबेडकर विचार मंच की बैठक, नई कमिटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के कलाली मोड़ स्थित एक निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार एवं संचालन राजेंद्र कुमार राकेश द्वारा किया गया।

बैठक में पूर्व कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हरेंद्र कुमार को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा लालदेव पासवान को उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया भोला चौधरी को सचिव, कमलेश राम को उप सचिव, राजेंद्र कुमार राकेश एवं संजय अंबेडकर को कोषाध्यक्ष तथा रामाशीष दास को संरक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, सुधाकर प्रसाद सुधांशु को संयोजक बनाया गया।

मार्गदर्शन मंडल में सुनील कुमार दीप, शिक्षक सुरेंद्र पासवान, जितेंद्र नारायण, सुदर्शन राम, विकास मित्र अखिलेश दास, अधिवक्ता रमेश कुमार, शिक्षक ललन दास, अर्जुन राम सहित कई लोगों को शामिल किया गया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन एवं प्रतिमा के जीर्णोद्धार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, गांव-गांव से आने वाली झांकियों की निगरानी को लेकर भी रणनीति बनाई गई। साथ ही कमेटी को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत से नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और जयंती को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य विकास कुमार, सुनील कुमार दीप, ललन दास, कृष्ण प्रसाद, परमेश्वर बौद्ध, भीम कुमार, दीपक कुमार, धर्मेंद्र दास भारती, जितेंद्र नारायण, लालदेव पासवान ,रामजीवन राम, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, रामनरेश राम, धर्मेंद्र भारती, चंद्रशेखर सुमन, अशोक दास, अमरेश कुमार, शिव शंकर सुधाकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# यात्री बसों में नहीं होती फर्स्ट बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के सड़कों पर चल रही अधिकांश यात्री बसों में फस्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था नहीं है। यहां तक की बसों में यात्रियों की सुरक्षा के उपाय नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक सभी सवारी वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित संसाधन होना अनिवार्य है। आपात स्थिति से निपटने के लिए वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए परंतु अधिकांश बसो में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। परिवहन नियमों का पालन कराने को लेकर संबंधित विभाग का कोई ध्यान नहीं है और न ही विभाग इसके लिए कोई जांच करता है। लिहाजा यात्रियों की सुरक्षा हमेशा ताक पर रहती है। जिले में चल रही बसों में सुरक्षा मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। बस मालिकों को केवल अपनी कमाई से ही मतलब रहता है। उन्हें यात्रियों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं रहती। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से कई प्राइवेट बसों का परिचालन होता है। काफी संख्या में यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। कुछ वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें दवाई, मल्हम, पट्टी के बजाए गैर जरुरी सामान रखे जाते हैं। उस बॉक्स में वाहनों के औजार ही मिलते हैं। वाहन चालकों और उपचालकों को किट के संबंध में जानकारी भी नहीं रहती। उन्हें प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है। एक बस चालक ने बताया कि केबिन में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें कौन-कौन सामान होना चाहिए इसकी जानकारी नहीं है। परिवहन नियमों के अनुसार सड़कों पर चलने वाली बसों में इमरजेंसी गेट होना अनिवार्य है। ताकि आपात समय में यात्री बस से बाहर निकल सकें लेकिन सड़कों पर दौड़ने वाली बसों में अब इमरजेंसी गेट नहीं लगवाए जा रहे हैं। बस संचालकों को लगता है कि जितनी जगह में इमरजेंसी गेट होगा, वहां दो सीट बना देने से कमाई हो जाएगी परंतु बस में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर यात्रियों को एक ही गेट से निकलना पड़ेगा। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका रहती है। अग्निशमन यंत्र या फर्स्ट एड बॉक्स न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 5600 से 7000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बावजूद वाहन चालकों और मालिकों में इस कानून नहीं है। विभागीय अधिकारी भी नियमित इसकी जांच नहीं करते हैं। लिहाजा बेखौफ होकर यात्रियों की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए वाहनों का परिचालन हो रहा है।



# हसपुरा बाजार में प्रतिदिन जाम से कराह रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा बाजार में जाम की समस्या इन दिनों लाइलाज बन गई है। प्रतिदिन जाम लगने से लोग कराह रहे हैं। बता दें कि डोमनिया मोड़ से चौराही मोड़ तक घंटों जाम में वाहन फंसे रहते हैं। बाजार में खरीदारी करने आ रहे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। बाजार में सब्जी मंडी और ऑटो पार्किंग नहीं होने के कारण प्रतिदिन जाम लगती है। ऐसे में लोगों को पैदल चलने में काफी परेशानी होती है। बाजार पहुंचने वाले लोग सड़क पर ही वाहनों को खड़े कर देते हैं। स्कूली बस समय पर बच्चों को लेकर स्कूल नहीं पहुंच पाती है। चौराही मोड़ से पटेल चौक के बीच कुछ लोग बाइक व अपने वाहन को गलत ढ़ंग से पार्किंग कर देते हैं। बता दें कि एक माह पहले सीओ ने सड़क से अतिक्रमण हटाया था। कुछ दिनों तक ठीक रहा परंतु प्रशासन सुस्त होने से सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर सब्जी की बिक्री शुरू कर दी। कभी-कभी जाम की समस्या काफी गंभीर हो जाती है जिसमें शासन-प्रशासन, एंबुलेंस और लोगों को घंटों फंसना पड़ जाता है। इतना होने के बावजूद भी प्रशासन की सभी दावे फेल हो जा रहे हैं।



# रफीगंज में 14-15 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर टीका

**संदीप कुमार/नबिटा संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राज्य स्वास्थ्य समिति के अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए गार्डासिल (एचपीवी वैक्सीन) का टीका लगाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को यह टीका दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, एएनएम आशा सिन्हा, रंजना कुमारी, दावन तिग्गा, वैजयंती माला और सुमन कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



## दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक जख्मी

**औरंगाबाद**। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कनबेहरी गांव के समीप मंगलवार की दोपहर दो ट्रकों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक से फंसे अवस्था में निकालकर एनएचएआई टीम के एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल ट्रक चालक की पहचान कोलकाता निवासी 45 वर्षीय निपिन दास के रूप में की गई है। ट्रक पर साथ रहे खलासी कोलकोता निवासी अफजल मुंडूल ने बताया कि ट्रक पर कांच लोड है। वाराणसी से कोलकाता जा रहा था। इसी दौरान दुसरे ट्रक ने टक्कर मार दी।

# बिहारशरीफ पूर्वी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ विधानसभा अंतर्गत पूर्वी मंडल में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिकला सिन्हा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार उर्फ डब्लू ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अमरकांत भारती, शैलेन्द्र गुप्ता, संजय कुमार उर्फ मुखिया जी, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समर्पण के साथ पार्टी के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

# ओवरलोड टेंपो परिचालन से यात्रियों की जान खतरे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर तेजी के साथ दौड़ रहे ओवरलोड टेंपो से इन दिनों काफी हादसा हो रहा है। टेंपो चालकों के द्वारा किए जा रहे लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटना घट रही है। बता दें कि पिछले एक माह में टेंपो की टक्कर और अन्य सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना का कारण टेंपो चालकों की लापरवाही और यातायात नियमों का पालन नहीं करना ही है। यहां तक की कई टेंपो चालक बिना ड्राइविग लाइसेंस के वाहन चला रहे हैं। इसके अलावा टेंपो चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को ठुंसकर टेंपो को जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर दौड़ाते हैं। यहां तक की कई बार चालक अपनी सीट पर दोनों और यात्रियों को बैठा लेते हैं और खुद तिरछा होकर वाहन चलाते हैं जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना हो जाती है। मदनपुर के थाना मोड़ निवासी पवन सिंह, अमित कुमार ने बताया कि अधिकांश टेंपो चालक तेज गति से चलते हैं और यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। टेंपो चालकों की नियमित जांच, सड़क पर सख्त निगरानी और बिना परमिट या बिना लाइसेंस वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई ही इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है। बता दें कि जल्द ही ओबरा थाना क्षोत्र के सदीपुर डिहरी गांव के समीप औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर टेंपो के दुर्घटना में दो यात्रियों ने अपनी जान गंवा दी थी। जबकि छह लोग घायल हो गए थे। बीते 22 अगस्त को मदनपुर थाना क्षोत्र के वार गांव के समीप टेंपो के धक्के से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। वहीं बीते 26 अगस्त को जम्होर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ के देवकली मंदिर के समीप भी एक युवक की मौत हो गई थी। इतना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

# परीक्षा में बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने वाले दो छात्र सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने वाले देव प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले मनोज चौधरी के पुत्र शिव कुमार को राम जानकी लक्ष्मण गायत्री ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि शिव कुमार ननीहाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह राजा जगरनाथ उच्य विद्यालय देव का छात्र है। इसके अलावा नरची गांव निवासी रामप्रवेश यादव के पुत्र नितिश कुमार को भी बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने पर अंग वस्त्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, बीस सुत्री अध्यक्ष सीताराम यादव, देवसंस्कृति परिषद के अध्यक्ष भुपेश, कृष्णा यादव, दीपक गुप्ता, रमेश कुमार पाल, डॉ राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने दोनों छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



# कुंडलपुर महोत्सव में भक्ति गायक दीपक जैन ने दी भक्तिमय प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। अहिंसा एवं शांति के विश्व उद्घोषक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राजकीय "कुण्डलपुर महोत्सव-2026" में सुविख्यात भक्ति गायक दीपक जैन ने अपना जलवा बिखेर उपस्थित दर्शकों-श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने भक्ति-गीतों से न केवल बिहार, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले जाने-माने गायक नवादा निवासी दीपक जैन ने "अपनी जादुई आवाज में जैन धर्म के जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर जीवन चरित्र पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने "हिंसा पीड़ित विश्व राह महावीर की तकता है, वर्त्तमान को वर्द्धमान की आवश्यकता है.." की उत्कृष्ट एवं सारगर्भित प्रस्तुति दे जहां वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर के सिद्धांतों व आदर्शों की प्रसांगिकता से श्रोताओं के साक्षात्कार कराया, वहीं उनकी "हो रही जय-जयकार ओ महावीरा तेरी.." की भव्य प्रस्तुति पर महोत्सव पांडाल में मौजूद देश के विभिन्न हिस्सों के श्रोताओं को झूमने व नृत्य करने पर विवश कर दिया। सुर-ताल के अद्भुत संगम के बीच गायक कलाकार दीपक जैन की भक्तिमय प्रस्तुति पर देश के विभिन्न हिस्सों से महोत्सव में शिरकत करने आये श्रद्धालुओं ने भक्ति गंगा में खूब डुबकी लगाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा पर्यटन विभाग, बिहार एवं नालंदा जिला प्रशासन की ओर से समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने उन्हें अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# दादर गांव में माता कौलेश्वरी की है प्राचीन प्रतिमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के गोह प्रखंड के करीब नौ किमी दूर चापुक पंचायत के दादर गांव में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। देवी की प्राचीन प्रतिमा काले पत्थर के रूप में गर्भगृह में विराजमान है। मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा कहते हैं कि माता रानी की प्राचीन प्रतिमा को दर्शन करने के लिए दूर से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मन्नत मांग कर चले जाते हैं। जब भक्तों की मन्नत पूरी होती है तो लोग दूर से अपनी मनोकामना उतारने आते हैं। खासकर मंदिर में संतान प्राप्ति के लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। बताया कि अब तक सैंकड़ों महिलाएं मन्नत पूरा होने के बाद यहां पहुंची है। भक्तों को प्रतिमा के बारे में जानने की उत्सुकता रहती है जिससे यहां के पुजारी के पुर्वजों के द्वारा ही गर्भगृह में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की भव्य प्राचीन कालीन काले पत्थर की प्रतिमा बालिका रूप में मंदिर में स्थापित की गई है।

# अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में आगामी 19 अप्रैल को अंबा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी, कमिटी के गठन और कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए मंगलवार को अंबा में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शंभू चौधरी तथा संचालन एससी एसटी कर्मचारी संघ प्रखंड इकाई कुटुंबा के अध्यक्ष उदय कुमार ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आयोजन कमिटी का गठन कर जिम्मेदारियां दी गई। सर्वसम्मति से शंभू चौधरी को अध्यक्ष, उदय कुमार को सचिव, जयराम कुमार को कोषाध्यक्ष तथा अविनाश कुमार को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं करण पासवान, राजाराम, श्रीकांत कुमार, श्रवण राम, दिनेश राम, कृष्णा राम, गुप्तेश्वर राम को उपाध्यक्ष, नंदलाल राम, अवधेश प्रसाद, विनय राम, शंभू शरण, विनय कुमार, रामाधार कुमार सिंह को संयुक्त सचिव तथा मिथलेश कुमार को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया ताकि उत्सव के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति के सदस्यों ने अपील की है कि समाज के सभी वर्ग के लोग इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर बाबा साहब के शिक्षित बनो ,संगठित रहो और संघर्ष करो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के मुहिम की शुरुआत की जाएगी और 'समरसता भोज' का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में कृष्णा राम, एजाज अंसारी, रंजीत कुमार डॉ. सत्येंद्र राम, जगनारायण मेहता एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मोती बिगहा पथ से आंबेडकर नगर जाने वाली बदहाल सड़क से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में बने ग्रामीण सड़कों की स्थिति इन दिनों काफी बदतर हो गई है। कई ऐसे सड़क हैं जो गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जिले के मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित आंबेडकर नगर तक सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। सड़क पर उभरे पत्थर गिट्टी के टुकड़े एवं गडढ़े में आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से होकर आने जाने वाले राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं। यह ग्रामीण सड़क बनिया सहित कोइरी बिगहा, वेलहर, चट्टी, बरडीह, महुआवां, भईया राम बिगहा, आंबेडकर नगर, सैलवां, गोगाडी, थवई, जमुआईन समेत दर्जनों गांवों को जोड़ते हुए प्राणपुर खिरियावां पथ को जोड़ता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली निर्मित करीब दो किलोमीटर बना यह महत्वपूर्ण सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश हैं। इसी पथ में बसावट का बहाना बनाकर विभाग द्वारा जीटी रोड़ मोती बिगहा पथ से एक किलोमीटर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उभरे गड्ढे से होकर आने जाने में गिरकर घायल होने की संभावना रहती है। डंडे लाठी के सहारे इस सड़क पर होकर आते जाते हैं। इस सड़क को बहुत जल्दी निर्माण कराने की जरूरत है। बरसात के समय तो और परेशानी होती है। बावजूद भी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस सड़क की ओर नहीं जा रहा है।



# शीतला मंदिर भगदड़: घायलों से मिले मंत्री श्रवण कुमार

**गंभीरता से जांच कराई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा स्थित मां शीतला मंदिर में हुए दर्दनाक भगदड़ हादसे के बाद बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार मंगलवार को मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती घायलों का हालचाल जाना और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री श्रवण कुमार ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति को भी भीड़ नियंत्रण के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। घायलों के समुचित और बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, पार्टी प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, पूर्व नगर अध्यक्ष नदीम जफर उर्फ गुलरेज अंसारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मुझ पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है....

- सीएसके को एक ही ओवर में दो झटके देने के बाद बोले रवींद्र जडेजा




**गुवाहाटी।** आईपीएल 2026 में रवींद्र जडेजा की जर्सी का रंग बदल गया है। जडेजा अब जानी-पहचानी सीएसके की पीली जर्सी की जगह राजस्थान रॉयल्स की गुलाबी जर्सी में दिख रहे हैं। जडेजा ने कहा है कि उन पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है। सोमवार को बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके के खिलाफ मैच में जडेजा ने बेहतरीन गेंदबाजी की। सीएसके की पारी की समाप्ति के बाद आरआर में लौटने और अपनी गेंदबाजी पर जडेजा ने बातचीत की। आरआर में अपनी वापसी पर इस दिग्गज ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझ पर गुलाबी रंग अच्छा लगता है। जडेजा ने सीएसके को एक ही ओवर में दो झटके दिए। उन्होंने सरफराज खान और शिवम दुबे जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को एक ही ओवर में आउट कर सीएसके की कमर तोड़ दी। उन्होंने तीन ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए।

## दुबे को लेकर जडेजा का बयान

अपनी गेंदबाजी पर जडेजा ने कहा, 'मैं शिवम दुबे को काफी समय से जानता हूं। उसके खिलाफ नेट्स में काफी गेंदबाजी की है, इसलिए पता है कि वह स्पिनरों का सामना कैसे करते हैं। मैं इसके लिए तैयार था और मैंने ऑफ-स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने की कोशिश की। मुझे पता था कि वह मेरे खिलाफ बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेंगे। मुझे लगा कि विकेट थोड़ा चिपचिपा है और गेंद टर्न हो रही है, इसलिए मुझे गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। मेरा काम बस सही जगहों पर गेंद डालना था और बाकी काम पिच पर छोड़ देना था।' रवींद्र जडेजा की आरआर के साथ यह दूसरी पारी है। आरआर ने शेन वॉर्न की कप्तानी में 2008 में खेला गया आईपीएल का पहला सीजन जीता था। जडेजा उस टीम के सदस्य रहे हैं।

# मुंबई के होटल के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला आईपीएल इंजीनियर का शव

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच के बीच मुंबई से एक दुखद खबर सामने आई है। टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्ट क्रू का हिस्सा रहे 76 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक इयान विलियम्स लैंगफोर्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वह मुंबई के मरीन



ड्राइव स्थित मशहूर ट्राइडेंट होटल में ठहरे हुए थे, जहां सोमवार को उनका शव कमरे के फर्श पर पड़ा मिला। जानकारी के मुताबिक, इयान 24 मार्च से ही आईपीएल की कवरेज के सिलसिले में होटल में रुके थे। 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए मुकाबले के बाद वह अपने कमरे (नंबर 2715) में लौट गए थे। अगले दिन यानी 30 मार्च को जब होटल रिसेप्शन से उन्हें फोन किया गया, तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। बार-बार संपर्क करने की कोशिश नाकाम होने के बाद होटल स्टाफ उनके कमरे तक पहुंचा।जब कमरे के अंदर से कोई हलचल महसूस नहीं हुई, तो स्टाफ ने मास्टर की का इस्तेमाल कर दरवाजा खोला। अंदर का नजारा हैरान करने वाला था–इयान जमीन पर बेसुध गिरे हुए थे। होटल के इन-हाउस डॉक्टर को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मरीन ड्राइव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल इसे आकस्मिक मृत्यु के तौर पर दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है और शुरुआती रिपोर्ट में अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस अब इस मामले के हर पहलू को खंगाल रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

# वैभव सूर्यवंशी का तूफान! 15 साल, 15 गेंदों में फिफ्टी...

**52 रन 17 गेंद**

- राजस्थान रॉयल्स को मिली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एकतरफा जीत



**गुआहाटी, एजेंसी।** सोमवार रात आईपीएल- 2026 के अपने पहले ही मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने धमाका कर दिया। उन्होंने महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए 17 गेंदों पर 52 रन ठोक डाले। उनकी इस विस्फोटक पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 128 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.1 ओवरों में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।दरअसल, सूर्यवंशी की 15 गेंदों में अर्धशतक वाली पारी ने उन्हें रातोरात चर्चा का केंद्र बना दिया। जिस आत्मविश्वास और निडरता के साथ उन्होंने बड़े-बड़े शॉट लगाए, जिससे यह साफ हो गया कि इस खिलाड़ी में कुछ खास है। पावरप्ले में गेंदबाजों पर दबाव बनाना और मैच का रुख बदल देना- ये गुण आमतौर पर अनुभवी खिलाड़ियों में देखने को मिलते हैं, लेकिन सूर्यवंशी ने इतनी कम उम्र में यह कर दिखाया।हालांकि, इस पूरे उत्साह के बीच क्रिकेट के जानकारों और पूर्व खिलाड़ियों ने एक अहम संदेश दिया है- टैलेंट साफ दिख रहा है, लेकिन टीम इंडिया का टिकट अभी पक्का नहीं है।

## लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करना होगा

सूर्यवंशी सिर्फ प्रतिभाशाली नहीं, बल्कि मैच-विनर बनने की क्षमता भी रखते हैं। यही वजह है कि उन्हें 'फ्यूचर स्टार' के तौर पर देखा जाने लगा है। लेकिन क्रिकेट के दिग्गज इस उत्साह में संतुलन बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबति रायडू और पीयूष चावला ने साफ कहा है कि इंटरनेशनल क्रिकेट का स्तर बिल्कुल अलग होता है, जहां सिर्फ टैलेंट से काम नहीं चलता। उनके मुताबिक, सूर्यवंशी को अभी निरंतरता और मैच सिचुएशन की समझ पर काम करने की जरूरत है। एक-दो शानदार पारियां किसी खिलाड़ी को चर्चा में जरूर ला सकती हैं, लेकिन टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए लंबे समय तक लगातार प्रदर्शन करना पड़ता है।सूर्यवंशी की उम्र इस पूरी चर्चा का सबसे अहम पहलू है। 15 साल की उम्र में वह अभी क्रिकेट के शुरुआती चरण में ही हैं। इस स्तर पर खिलाड़ी का मानसिक विकास, दबाव झेलने की क्षमता और तकनीकी मजबूती तीनों ही चीजें समय के साथ बेहतर होती हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे खिलाड़ी को जल्दबाजी में इंटरनेशनल क्रिकेट में न धकेलें।भारतीय टीम में मौजूदा प्रतिस्पर्धा भी किसी से छिपी नहीं है। टॉप ऑर्डर में पहले से कई स्थापित बल्लेबाज मौजूद हैं, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में सूर्यवंशी के लिए सीधा टीम इंडिया में जगह बनाना आसान नहीं होगा।ऐसे में सही रास्ता यही है- धीरे-धीरे आगे बढ़ना और हर स्तर पर खुद को साबित करना। अगर सूर्यवंशी इस प्रक्रिया से गुजरते हैं, तो न सिर्फ उनका खेल निखरेगा, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए भी पूरी तरह तैयार हो पाएंगे।दूसरी ओर, जल्दबाजी में लिया गया फैसला उनके करियर के लिए नुकसानदेह भी हो सकता है। कई बार देखा गया है कि बहुत कम उम्र में बड़े मंच पर उतारे गए खिलाड़ी दबाव में आकर अपनी लय खो देते हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे खिलाड़ी के विकास को प्राथमिकता दें।हालांकि, यह भी सच है कि सूर्यवंशी ने जिस तरह का टैलेंट दिखाया है, उसे ज्यादा समय तक नजरअंदाज करना भी मुश्किल होगा। अगर वह इसी तरह लगातार रन बनाते रहे और बड़े मैचों में खुद को साबित करते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहनने का मौका मिल सकता है।

## जन्मदिन पर इसलिए नहीं काटा केक

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में वैभव सूर्यवंशी का तूफान देखने को मिला। इस 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया है। हालांकि, उन्होंने सिर्फ अपने खेल से नहीं, बल्कि मैच के बाद अपने मजेदार बयान से भी सुर्खियां बटोरी हैं। मैच के बाद जब वैभव सूर्यवंशी से उनके जन्मदिन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने हंसते हुए एक दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने जन्मदिन पर कुछ खास नहीं किया। केक काटने का प्लान था, लेकिन मैं जल्दी सो गया ताकि केक चेहरे पर लगाने से बच सकूं।' उनका यह जवाब सुनकर कमेंटेटर हंस पड़े। दरअसल, क्रिकेट टीमों में अक्सर जन्मदिन पर खिलाड़ी केक काटने के बाद एक-दूसरे के चेहरे पर केक लगा देते हैं, जिससे बचने के लिए वैभव ने यह तरीका अपनाया। हालांकि वैभव ने अपने जन्मदिन पर कोई जश्न नहीं मनाया, लेकिन तीन दिन बाद मैदान पर उन्होंने शानदार अंदाज में अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़कर सीएसके के खिलाफ टीम को आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई। इस मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने ष्टस्य्न को 127 रन पर समेट दिया। इसके बाद टीम ने सिर्फ 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अपने बल्लेबाजी प्लान को लेकर वैभव ने बताया, 'प्लान था कि पावरप्ले में अच्छी तरह से खेलें। शुरुआत में विकेट थोड़ा मुश्किल था, लेकिन जैसे-जैसे गेंद पुरानी हुई, बैट पर अच्छी तरह आने लगी। मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले बहुत अहम होता है। अगर उस समय गेंदबाज हावी हो जाएं तो मैच पलट सकता है, लेकिन हमारा पावरप्ले शानदार रहा।' वैभव सूर्यवंशी ने बताया कि टीम मैनेजमेंट और सीनियर खिलाड़ियों ने उन्हें अपने प्राकृतिक खेल पर टिके रहने की पूरी आजादी दी है।

# सौरव गांगुली ने किया बीसीसीआई का समर्थन, हर जगह खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं।बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

गांगुली ने स्पोर्ट्सस्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा, 'ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'




गुवाहाटी नवंबर 2025 में ही टेस्ट केंद्र बना और वहां एक साल के भीतर दूसरा टेस्ट होने जा रहा हैं। वहीं अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर पिछले साल अक्टूबर में ही टेस्ट हुआ था। वानखेड़े स्टेडियम पर आखिरी टेस्ट नवंबर 2024 में खेला गया था। कैलेंडर के अनुसार कोलकाता (तीन जनवरी , 2027) और मुंबई (9 जनवरी, 2027) में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे होंगे जबकि दिल्ली में इस साल 13 दिसंबर को श्रीलंका के खिलाफ वनडे खेला जाएगा।

पहली बार इस मसले पर बोलते हुए पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'पूरे भारत में अच्छे स्टेडियम है। चेन्नई, गुवाहाटी और रांची में टेस्ट होते देखकर अच्छा लगता है। वहां सुविधायें काफी अच्छी है।' वहीं भारत के पूर्व स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा, 'हमारे समय में कोलकाता, कानपुर, चेन्नई , दिल्ली और मुंबई में ही टेस्ट होते थे। उसका अपना आकर्षण था और मुझे लगता है कि फिर ऐसा ही होना चाहिए।'

गांगुली ने इस मौके पर यह भी कहा कि ईडन गार्डंस पर 2001 की टीम के मिलने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'हम ईडन पर यह समारोह करेंगे। इस महीने की शुरूआत में होना था लेकिन सचिन तेंदुलकर के बेटे की शादी के कारण देर हो गई।'

# नसीम शाह पर जुर्माना लगाया मुख्यमंत्री नवाज पर किया था कमेंट

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मरियम



नवाज की आलोचना वाले ट्वीट के बाद हुई, जिसे नसीम के अकाउंट से पोस्ट होने के कुछ देर बाद डिलीट कर दिया गया। इसे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों का उल्लंघन माना।विवाद की शुरुआत के पहले मैच के बाद हुई। चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पहले घोषणा की थी कि ईंधन बचाने और पश्चिमी एशिया संकट के कारण टूर्नामेंट बिना दर्शकों के होगा। लेकिन मैच के दौरान पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज गद्दाफी स्टेडियम पहुंचीं और खिलाड़ियों से मिलीं। नसीम शाह के अकाउंट से एक पोस्ट को कोट-ट्वीट करते हुए लिखा गया 'उन्हें लॉर्ड्स की रानी की तरह ट्रीट क्यों किया जा रहा है विवादित ट्वीट के कुछ मिनट बाद ही उसे डिलीट कर दिया गया। इसके बाद नसीम ने एक और पोस्ट कर सफाई दी कि उनका अकाउंट हैक हो गया था।

# शाहीन पर 10 लाख का जुर्माना सुरक्षा नियमों को तोड़ने का है आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी ही टीम लाहौर कलंदर्स ने 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बाद की गई है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब टीम होटल में कुछ अनधिकृत लोगों के प्रवेश को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने आपत्ति जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, ये चार लोग सिकंदर रजा के जानने वाले थे, जिन्हें खिलाड़ियों के कमरे में आने की अनुमति नहीं दी गई थी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सुरक्षा अधिकारियों और पीएसएल के सीईओ सलमान नजीर ने स्पष्ट रूप से इस अनुरोध को खारिज कर दिया था। इसके बावजूद आरोप है कि शाहीन अफरीदी और सिकंदर रजा ने उन लोगों को कमरे में एंट्री दिलाई।इस पूरे मामले पर लाहौर कलंदर्स ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'यह मामला किसी जानबूझकर नियम तोड़ने का नहीं, बल्कि एक गलतफहमी का परिणाम है। हम सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरा सम्मान करते हैं। हम एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का सख्ती से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बेहतर संवाद की आवश्यकता है।'इस घटना के बाद टीम प्रबंधन ने अनुशासन बनाए रखने के लिए शाहीन अफरीदी पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि, सिकंदर रजा के खिलाफ कोई आधिकारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिकंदर रजा ने पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए कहा, 'इस मामले की जिम्मेदारी मेरी है। शाहीन अफरीदी को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।'



# पोलियो को मात देकर लगातार 4 स्वर्ण जीते, देश की पहली खिलाड़ी जिन्होंने रचा इतिहास

**इंदौर।** बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70



खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया। सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया।

## परिस्थितियों को बनाया अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा

सपना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को देती हैं। वह किसी अन्य के बजाय अपनी खुद की जिंदगी और संघर्षों को अपना रोल मॉडल मानती हैं। उनके परिवार में पति संजय वर्मा और बेटी हनाया हैं, जो उनके इस कठिन सफर में हमेशा साथ खड़े रहे हैं। सपना का कहना है कि उन्होंने जो कुछ भी सीखा है, अपनी परिस्थितियों से ही सीखा है। वह उन सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेती हैं जो विपरीत हालातों के बावजूद देश के लिए मेडल जीतकर लाते हैं।सपना शर्मा अब अपनी इस सफलता को अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाना चाहती हैं। वह पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं, हालांकि कई बार आर्थिक कारणों से वह चयन होने के बाद भी विदेशी दौरों पर नहीं जा सकीं। लेकिन इन असफलताओं ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया है। अब उनका एकमात्र लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए अधिक से अधिक स्वर्ण पदक जीतना और देश का गौरव बढ़ाना है। वह कहती हैं कि वह गिरकर संभलने और हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरने में विश्वास रखती हैं।

# बिना ड्रॉ निकाले ही खत्म हुई समिति की बैठक

## संवैधानिक संकट की ओर एमसीडी; विपक्ष ने कोर्ट जाने की दी धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीडी के एकीकरण से ही विवादों में रहने वाली स्थायी समिति के गठन प्रक्रिया में संवैधानिक संकट उत्पन्न होने की स्थिति आ खड़ी हुई है। तय नियम के अनुसार स्थायी समिति की बैठक में 18 में नौ सदस्यों को पदनिवृत ड्रा द्वारा किया जाना था लेकिन सोमवार स्थायी समिति की बैठक स्थगित हो गई। अब राजपत्रित अवकाश होने के बाद भी मंगलवार को दोपहर एक बजे फिर से स्थायी समिति की चेयरपर्सन सत्या शर्मा ने बैठक बुलाई है। बैठक बुलाने में तय समय-सीमा का पालन न करने पर विपक्ष ने एतराज जताया है और नियमों का उल्लंघन बताते हुए कोर्ट जाने की चुनौती दी है। यह भाजपा शासन में पहली बार हुआ हैं कि निगम की समिति का गठन संवैधानिक संकट के मुहाने पर खड़ा हो गया है। हालांकि इससे पूर्व आप सरकार के समय भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई थी। जहां संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करने पर उपराज्यपाल ने एमसीडी एक्ट के अनुच्छेद 487 का



उपयोग करते हुए अतिरिक्त आयुक्त को पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर सदन की बैठक कराई थी। ऐसे में फिर से यही स्थिति हो सकती है। दरअसल, स्थायी समिति की बैठक जैसे ही शुरू हुई तो आप पार्षद प्रवीण कुमार ने भाजपा पर 650 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते आप के सभी पार्षद स्थायी समिति की चेयरपर्सन सत्या शर्मा के आसन के सामने आ गए। इस बीच सत्ता पक्ष के और विपक्ष के पार्षदों के साथ नोंक-झोंक हुई और हंगामा जारी रहा।

इस दौरान निगम सचिव कार्यालय द्वारा सदस्यों के पदनिवृत करने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। पर्ची निकालने के लिए बक्से में डाले ही जाने वाली थी कि अचानक सत्या शर्मा ने बैठक को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दी। आप पार्षदों का आरोप था कि लगातार एमसीडी की बैठकों की मिनट्स आफ मीटिंग नहीं दी जा रही है। साथ ही बिना किसी जानकारी के कूड़े के पहाड़ में कूड़ा निस्तारण का कार्य दे दिया गया और टेंडर की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। हालांकि सत्या शर्मा ने कहा आम आदमी पार्टी के पार्षदों का यह रवैया नया नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने निगम के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित नहीं होने दिया और अब विपक्ष में आने के बाद भी वही प्रवृत्ति जारी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आचरण जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न करता है और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावित करता है।उन्होंने कहा आप पार्षदों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन हंगामा होने स्थिति को और अधिक बिगड़ने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए अंततः बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के सदस्यों का कार्यकाल वैसे तो दो वर्ष का होता है लेकिन पहले वर्ष स्थायी समिति के 18 सदस्यों में 50 प्रतिशत सदस्य ड्रा के जरिये बाहर होते हैं। चूंकि पिछले वर्ष स्थायी समिति का गठन हुआ था तो सदन से पारित प्रस्ताव के अनुसार 31 मार्च से 50 प्रतिशत सदस्यों को बाहर होना है। क्योंकि एमसीडी एक्ट में वर्ष की परिभाषा वित्त वर्ष के तौर पर उल्लेखित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर गिरा यात्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुबह विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति के ट्रैक पर गिरने के कारण लगभग डेढ़ घंटे तक येलो लाइन पर मेट्रो सेवा बाधित रही। कुछ देर तक इस लाइन पर मेट्रो सेवा रोकने और बाद में धीमी गति से चलने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। आफिस का टाइम होने के कारण इस लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने पूर्वाह्न लगभग 11 बजे 'एक्स' पर यह जानकारी दी कि विश्वविद्यालया स्टेशन पर यात्री के ट्रैक पर आने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवा में देरी हो रही है। सुरक्षा कारणों से मेट्रो ट्रेनों का संचालन नियंत्रित कर दिया गया, जिससे ट्रेनें देरी से चलीं और कई स्टेशनों पर अधिक भीड़ बढ़ गई। इसे लेकर कई यात्रियों ने इंटरनेट मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि कितनी देर में मेट्रो सेवा सामान्य होगी इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। कई यात्रियों को यह कहना था कि किसी न किसी कारण से अक्सर मेट्रो की सेवा बाधित हो जाती है। दिल्ली मेट्रो पुलिस के अनुसार एक यात्री ट्रैक पर गिरने से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रोकर्मी घायल यात्री को बाड़ा हिंदू राव अस्पताल पहुंचा दिया था। पुलिस के अनुसार घायल की पहचान 51 वर्षीय करावल नगर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफार्म के किनारे खड़े होने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक पर गिर गए थे। उनके सिर में चोट आई है।

### भारतीय नौसेना को मिले तीन अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना को तीन नए युद्धपोत प्राप्त हुए। इनमें एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'दुनागिरी', सर्वेक्षण पोत 'संशोधक' और पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जलयान 'अग्रय' शामिल हैं। इनका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा किया गया, जो स्वदेशी रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'दुनागिरी' सबसे परिष्कृत प्लेटफार्मों में से एक है। 149 मीटर लंबा और 6,670 टन वजनी यह फ्रिगेट अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित है, जिसमें उन्नत मिसाइल प्रणालियां और एक एकीकृत युद्ध प्रबंधन प्रणाली शामिल है। एक अधिकारी ने कहा, ''ब्रह्मोस एंटी-शिप और लैंड-अटैक क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दुनागिरी नौसैनिक हमले और रक्षा क्षमताओं में महत्वपूर्ण छलांग है।'' संशोधक नामक जहाज एक सर्वेक्षण पोत है। लगभग 3,400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं। अग्रय अर्नाला श्रेणी के पनडुब्बी रोधी उथले जल पोतों में से चौथा है। यह आइएनएस अग्रय का नया रूप है, जो एक गश्ती पोत था और 2017 में सेवामुक्त कर दिया गया था। यह पूर्ण पैमाने पर सतह के नीचे निगरानी, खोज और हमले के अभियानों के साथ-साथ विमानों के साथ समन्वित अभियानों में सक्षम है, और हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी युद्धक राकेटों से लैस है।

### दहेज मौत मामले में पति बरी, गैरहाजिरी पर द्वारका कोर्ट ने ठहराया दोषी; कोई सजा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। द्वारका कोर्ट ने 2015 में पत्नी की आत्महत्या से जुड़े दहेज मौत और क्रूरता के मामले में आरोपित पति को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। हालांकि, अदालत ने आरोपित को अदालत में पेश न होने के कारण भारतीय दंड संहिता की धारा 174ए (घोषित अपराधी) के तहत दोषी ठहराया है। पर इसे लेकर अदातल ने किसी सजा या कार्रवाई का आदेश नहीं दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश स्वाति गुप्ता ने जाकिर हुसैन के खिलाफ धारा 498ए (पति द्वारा क्रूरता) और 304बी (दहेज मौत) के आरोपों पर सुनवाई करते हुए कहा कि मामले में ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जिससे यह संकेत मिले कि आरोपित ने मृतका को आत्महत्या के लिए उकसाया या कोई सक्रिय भूमिका निभाई। अभियोजन के अनुसार, जाकिर की पत्नी नूर सबा ने जुलाई 2015 में उत्तम नगर स्थित घर में फांसी लगाने की कोशिश की थी और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों की शादी 9 अगस्त 2014 को हुई थी।

# एनडीएमसी में यूनिट एरिया मैथड से संपत्ति कर में कमी, दिल्ली 'एक शहर एक टैक्स' की ओर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जनविश्वास बिल के तहत नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) इलाके में संपत्तिकर प्रणाली रेटेबेल वेल्यू की बजाय यूनिट एरिया मैथर्ड (यूएएम) प्रणाली लागू करने कानून संशोधन के प्रस्ताव पर व्यापारियों ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। इसको लेकर नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन ने अपने कार्यालय में व्यापारियों ने एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल की उपस्थिति में पीएम मोदी का आभार प्रकट किया। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने कहा कि यूएएम एनडीएमसी क्षेत्र में लागू होने से अब दिल्ली एक शहर एक टैक्स की ओर आगे बढ़ रही है। क्योंकि एमसीडी इलाके में पहले ही यूएएम प्रणाली से टैक्स लिया जा रहा है। चहल ने कहा कि यूएएम के लागू होने से व्यापारियों का विश्वास और बढेगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष एनडीएमसी को संपत्तिकर से 1045 करोड़ रुपये की आय हुई थी जो कि इस वर्ष 1350 करोड़ होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यूनिट एरिया मेथर्ड लागू



करने से पूर्व व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ एक विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी तथा उनके सुझाव भी लिए जाएंगे, ताकि इस प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सके। फिलहाल इससे संपत्तिकर में 30 से 50 प्रतिशत की कमी आएगी। कर के आकलन को पारदर्शी, वस्तुनिष्ठ और समान बनाएगीः चहल उन्होंने कहा की यह प्रणाली संपत्ति कर के आकलन को पारदर्शी, वस्तुनिष्ठ और समान बनाती है। अब कर निर्धारण संभावित किराये की आय पर आधारित नहीं होगा, जो एक ही कॉलोनी में अलग-अलग निवासियों या प्रतिष्ठानों के लिए भिन्न हो सकता है, बल्कि एक समान यूनिट एरिया के आधार पर होगा, जो उसी कॉलोनी के सभी निवासियों के लिए समान रहेगा।

उन्होंने व्यापारियों एवं मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशनों से केंद्र सरकार द्वारा एलपीजी के संबंध में जारी अधिसूचनाओं का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि कनाट प्लेस में पीएनजी की लाइन ालने के लिए सड़क बहाली शुल्क माफ कर दिया है।

## पीक डिमांड में भी नहीं रुकेगी पानी की सप्लाई, टैंकरों की जीपीएस ट्रैकिंग


### दिल्ली सरकार का समर एक्शन प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में गर्मी के चरम दौर से पहले जल संकट को रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने समर एक्शन प्लान 2026-27 ला रही है। सोमवार को झंडेवालान स्थित दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय में पेश इस योजना का उद्देश्य पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना, वितरण तंत्र की खामियों को दूर करना और यमुना की सफाई को गति देना है। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस बार सरकार का फोकस सिर्फ पानी उपलब्ध कराने पर नहीं, बल्कि सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने पर भी है। उन्होंने कहा, 'स्वच्छ पानी की आपूर्ति और यमुना की सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की साझा जिम्मेदारी है।' गर्मी के दौरान पानी की मांग को देखते हुए रोजाना करीब 1002 मिलियन गैलन (स्न्नष्ठ) पानी की आपूर्ति बनाए रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए चंद्रावल, वजीराबाद, हैदरपुर, नांगलोई, ओखला, द्वारका, बवाना और सोनिया विहार जैसे प्रमुख वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरी क्षमता से तैयार किया जा रहा है। साथ ही, कच्चे पानी की गुणवत्ता, खासकर अमोनिया स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, जिससे सप्लाई प्रभावित न हो। भूमिगत जलाशयों की सफाई बूस्टर पंपिंग स्टेशनों का मेंटेनेंस लीकेज डिटेक्शन अभियान को तेज किया गया है, ताकि वितरण के दौरान पानी की बर्बादी कम हो। अनधिकृत कॉलोनियों तक पाइपलाइन दिल्ली की 1,799 अनधिकृत कॉलोनियों में से 1,646 में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। बाकी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से काम पूरा किया जाएगा। सरकार का फोकस अब 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' पर है, ताकि टैंकर पर निर्भर इलाकों को स्थायी समाधान मिल सके।

## दिल्ली में घरेलू विवाद के बाद आगबबूला हुआ पति, छोटे गैस सिलिंडर से पत्नी को उतारा मौत के घाट

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** मामूली घरेलू विवाद रविवार को राजस्थान के चूरू निवासी दंपती के लिए काल बन गया। मामला पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र का है। भाई को आर्थिक सहयोग करने को लेकर उपजे विवाद में एक व्यक्ति ने पत्नी पर घर में रखे छोटे सिलिंडर से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। चीख-पुकार सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को बुलाया। गंभीर रूप से घायल को एम्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान 32 वर्षीय पूनम के रूप में हुई है। घटना के बाद आरोपित पति सुरेश कुमार पुल प्रहलादपुर में ही छिपा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात के समय आरोपित पति सुरेश शराब के नशे में था या नहीं। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि राजस्थान के चूरू के रहने वाले सुरेश व पूनम का विवाह 2020 में हुआ था। दोनों एक महीने पहले ही पुल प्रहलादपुर स्थित डीडीए जनता फ्लैट में रहने आए। सुरेश प्राइवेट नौकरी करता है। दोनों की चार वर्ष की एक बेटी चूरू में दादा-दादी के साथ रहती है। वहीं दूसरी डेढ़ वर्षीय बेटी साथ रहती है। सुरेश अपने भाई की आर्थिक मदद करता था, जिसको लेकर पूनम का विरोध रहता था। इसकी वजह से दोनों की बीच अक्सर झगड़े होते थे। रविवार की रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते हिंसक हो गई। गुस्से में आकर सुरेश ने घर में रखे छोटे एलपीजी सिलेंडर से पूनम के सिर पर कई बार वार किया। हमले में पूनम का सिर बुरी तरह फट गया। पड़ोसियों ने झगड़े की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी, तब तक आरोपित वहां से भाग निकला। पुलिस मौके पर पहुंची और पूनम को एम्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने रात में ही आरोपित पति को पुल प्रहलादपुर से गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम भेजकर आरोपित की मेडिकल जांच कराई गई है। यह भी जांच की जा रही है कि वारदात के समय आरोपित शराब के नशे में था या नहीं। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है। मामले की जांच जारी है।



## पश्चिम एशिया में तनावः इराक में अमेरिकन यूनिवर्सिटी पर हमला; तेल-ऊर्जा के बाद शिक्षा संस्थान जंग का नया मोर्चा

**बगदाद, एजेंसी।** प्रेस टीवी के अनुसार, इराक के सुलेमानिया में स्थित अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ इराक, सुलेमानी पर मंगलवार सुबह हमला किया गया। हालांकि, इस घटना पर अब तक यूनाइटेड स्टेट्स और इस्राइल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान ने आरोप लगाया है कि उसकी यूनिवर्सिटियों और वैज्ञानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के मुताबिक, ईरान के विज्ञान और स्वास्थ्य मंत्रियों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिका और इज़राइल की कड़ी आलोचना की है। बयान में कहा गया कि मार्च 2026 से कई विश्वविद्यालयों और रिसर्च संस्थानों पर हमले हुए हैं। इनमें ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, शिराज यूनिवर्सिटी की फार्मेसी फैकल्टी, इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी और उर्मिया यूनिवर्सिटी का साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क शामिल हैं। इन हमलों में शिक्षा और रिसर्च ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, साथ ही कई शिक्षकों और



शोधकर्ताओं की जान भी गई है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बघई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि इन हमलों का मकसद ईरान की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को कमजोर करना है। इस बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ढ्ढक्रत्रष्ट) ने 29 मार्च को अमेरिका को अल्टीमेटम जारी किया था। इसमें मांग की गई थी कि ईरान की यूनिवर्सिटियों पर हुए हमलों की निंदा की जाए।

# भारत आने वाले ईरानी विमान पर अमेरिका का हमला

## तेहरान ने कड़ी निंदा की; मानवीय मिशन बाधित

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान भारत के लिए उड़ान भर रहे मानवता मिशन विमान पर अमेरिकी हवाई हमले के बाद आगबबूला है। घटना के बाद ईरान ने इसे युद्ध अपराध करार दिया और अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। रिपोर्टों के अनुसार, महान एयर का यह विमान ईरान के मशहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला था। यह विमान मानवीय सहायता मिशन के लिए नई दिल्ली आने वाला था, जहां से उसे राहत सामग्री ले जानी थी। हमले से विमान क्षतिग्रस्त हो गया और पूर्व नियोजित मानवीय सहायता मिशन बाधित हो गया।

भारत में ईरानी दूतावास ने कहा कि सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन के नियमों के अनुसार, मानवीय मिशनों में लगे नागरिक विमानों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। दूतावास ने लिखा दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों को ले जा रहे इस ईरानी विमान पर हमला करना युद्ध अपराध है। ईरानी दूतावास ने बताया कि शिकागो कन्वेंशन (1944) और मॉन्ट्रियल कन्वेंशन (1971) के तहत, नागरिक विमानों पर हमले अंतरराष्ट्रीय अपराध माने जाते हैं। इसके अलावा जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल ढ्ढ, अनुच्छेद 52 के अनुसार, नागरिक वस्तुओं पर हमले, जिनमें मानवतावादी सहायता विमान भी शामिल हैं, युद्ध अपराध में आते हैं। दूतावास ने अमेरिका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की मांग की है और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**1 अप्रैल को नई दिल्ली पहुंचना था विमान:** बताया जा रहा है कि यह विमान 1 अप्रैल सुबह 4:00 बजे पहुंचने वाला था। इस




घटना के बाद देश में नागरिक उड्डयन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बता दें कि, महान एयर एक निजी स्वामित्व वाली ईरानी एयरलाइन है जो पश्चिम एशिया, मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिणपूर्व एशिया और पूर्वी एशिया के कई देशों में उड़ानें संचालित करती है।

क्षतिग्रस्त हुए विमान को भारत से दवाइयों सहित 11 टन मानवीय सहायता ईरान ले जानी थी। पहले की खेपों में भारतीय उड़ानों का इस्तेमाल नहीं किया गया था। ईरान के लिए भारत की पहली सहायता खेप 18 मार्च 2026 को भेजी गई थी। तब भारत ने कहा था कि यह सहायता दोनों देशों के बीच दोस्ती और सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

# संघर्ष के बीच बड़ी तैयारी में ट्रंप, समझिए कैसे ईरान की बढ़ गई मुश्किलें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में एक महीने से ज्यादा समय से जारी संघर्ष के बीच अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक बड़ी रणनीति सामने आई है। जारी हमलों के बीच अब ट्रंप प्रशासन होर्मुज की खाड़ी पर अपना नियंत्रण वापस लेने की तैयारी कर रहा है। इस बात की जानकारी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने दी। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में बेसेंट ने कहा कि जल्द ही या तो अमेरिकी जहाजों या कई देशों के संयुक्त जहाजों के जरिए अमेरिका का नियंत्रण होर्मुज जलडमरूमध्य पर होगा। बेसेंट ने आगे बताया कि फिलहाल कुछ देश ईरान के साथ समझौते करके अपने जहाजों को जलडमरूमध्य पार करा रहे हैं। लेकिन समय के साथ अमेरिका इसे पूरी तरह नियंत्रित करेगा और वहां जहाजों को सुरक्षित रूप से गुजरने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अपने बयान में इस बात पर जोर दिया कि बाजार में तेल की आपूर्ति अच्छी है और रोजाना कई जहाज़ जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। लेकिन अंततः अमेरिका इस रास्ते पर फिर से नियंत्रण स्थापित करेगा।

**होर्मुज को लेकर वैश्विक चिंताएं:** बेसेंट का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते होर्मुज



जलडमरूमध्य को लेकर वैश्विक चिंता सातवें आसमान पर पहुंच गई है। इसका कारण है कि होर्मुज दुनिया के तेल प्रवाह का एक अहम मार्ग है और यह लगभग विश्व के एक पांचवें हिस्से के तेल के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह योजना वैश्विक समुद्री और तेल बाजारों पर बड़े पैमाने पर असर डाल सकती है।


**रुबियो बोले- ईरान की नौसेना और मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर रहे:** दूसरी ओर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने एबीसी न्यूज को बताया कि अमेरिका ने ईरान की नौसेना और रक्षा उद्योग को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को हमेशा के लिए खाड़ी पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे और अमेरिका अपने उद्देश्यों को कुछ ही हफ्तों में हासिल कर लेगा। रूबियो ने कहा कि हम ईरान की नौसेना और मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर रहे हैं और उनके रक्षा उद्योग को भी कमजोर कर रहे हैं, ताकि वे भविष्य में नए मिसाइल या ड्रोन न बना सकें।

**ईरान की धमकियों पर बिफरे रुबियो:** रुबियो ने खाड़ी के नियंत्रण पर ईरान की धमकियों पर भी चेतावनी दी। रूबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास कई विकल्प मौजूद हैं और अगर ईरान खाड़ी पर कब्जा करने की कोशिश करेगा, तो अमेरिका उसे रोकने के लिए कार्रवाई करेगा। हालांकि ईरान ने अमेरिकी दावों को खारिज किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बगहेई ने कहा कि अमेरिका की बातचीत और कूटनीति की बातें विश्वसनीय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका बार-बार अपनी स्थिति बदलता रहा है, जबकि ईरान ने हमेशा स्पष्ट रुख अपनाया है।

### पाकिस्तान की बातचीत बैठक से ईरान ने बनाई दूरी

ईरान ने हाल ही में पाकिस्तान के शाहीबाज शरीफ द्वारा आयोजित चार देशों की बैठक में हिस्सा भी नहीं लिया। इन घटनाओं के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत में सकारात्मक प्रगति हुई है। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कोई समझौता नहीं हुआ और हॉर्मुज की खाड़ी खुली नहीं तो अमेरिका ईरान के बिजली प्लांट, तेल कुओं और खार्ग द्वीप को नष्ट कर देगा। गौरतलब है कि ये बयानबाजी और धमकियों की घटनाएं ऐसे समय पर सामने आई हैं जब अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य कार्यशाला संपन्न





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी, बोकारो में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला के समापन सत्र में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गुप्तेश्वर प्रताप सिंह ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अब केवल बालकों को अक्षर ज्ञान देना ही काफी नहीं है। उनके सर्वांगीण विकास हेतु उनका कौशल विकास करना भी जरूरी है। इसके लिए आचार्यों को भी अपडेट और अपग्रेड होना होगा। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि विगत तीन दिनों से हम सभी बालकों का उत्तरोत्तर विकास कैसे हो ? इस पर ही चर्चा कर रहे हैं। जिसके लिए विभिन्न कार्य योजनाएं बनी है । जिसे वर्ष भर में अलग-अलग समय पर संपादित करना है। जिसे हम सभी ने लिखित रूप में संग्रहित कर लिया है। विद्या भारती योजना में हम सत्र प्रारंभ से पूर्व ही अगले वर्ष की वार्षिक योजना इस कार्यशाला के माध्यम से तैयार कर लेते हैं। इसके बाद नए सत्र में नए रूप , नए जोश के साथ हम सभी मिलकर बालकों के सर्वांगीण विकास में लग जाते हैं। अध्यक्षीय आशीर्वचन में समिति के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का दान महा दान है। हम सौभाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने हमें यह कार्य सोप है। हम विद्या भारती के कार्यकर्ता ऐसे बालकों का निर्माण करते हैं जो आगे चलकर अपना ही नहीं अपितु देश हित में अपना योगदान देने के लिए कृत संकल्पित हो। हम जो भी करें ईमानदारी के साथ अपना शत - प्रतिशत देने का प्रयास करें। कार्यशाला में सम्मिलित सभी आचार्य एवं दीदी ने भी अगले सत्र में भैया - बहनों के सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान देने का संकल्प लिया।

# संत जेवियर्स स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत जेवियर्स स्कूल में आज कक्षा प्रेप और कक्षा 1 के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। छोटे-छोटे बच्चे अपने अभिभावकों के साथ बड़े उत्साह और खुशी के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए, क्योंकि वे अपने स्कूल जीवन की शुरूआत कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा शिक्षकों के साथ एक संक्षिप्त परिचय एवं संवाद से हुई। शिक्षकों ने बताया कि शिक्षा छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही सफल होती है और मिलकर हम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सार्थक परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद प्राचार्य फादर अरुण मिंज ने अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यालय की 60 वर्षों की गौरवशाली परंपरा के बारे में जानकारी दी और सकारात्मक अभिभावकत्व तथा अभिभावकों के सहयोग के महत्व पर जोर दिया, जिससे बच्चों की सफलता सुनिश्चित की जा सके। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और कार्यक्रम के प्रति संतोष व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य ने सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम सकारात्मक वातावरण के साथ समाप्त हुआ, जिसने आने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए एक सफल शुरूआत का मार्ग प्रशस्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जैन समाज ने मनाई भगवान महावीर जयंती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैन समाज के द्वारा आज चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ जयंती मनाई गई। इस मौके पर सेक्टर-2 स्थित जैन मिलन में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ



रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने इसमें भाग लेकर सेवा और धर्म का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के सिद्धांतों को आज के समय में प्रासंगिक बताया। जैन समाज के सुशील वैद ने बताया कि लगभग 2600 वर्ष पूर्व भगवान महावीर ने जो सिद्धांत दिए, वे आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं और यदि उनका पालन किया जाए तो वर्तमान की कई समस्याओं का समाधान संभव है।

### अशोक ज्वेलर्स का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोविंदपुर स्थित अशोक ज्वेलर्स में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि करीब 6 अपराधी मिलकर सुनियोजित तरीके से दुकान का ताला तोड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, देर रात सभी अपराधी चेहरे ढके हुए दुकान के पास पहुंचे और कुछ ही मिनटों में ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद दुकान में रखे कीमती




आभूषण और सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब दुकान संचालक पहुंचे, तो दुकान का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

### क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइन की रात में ही मरम्मत शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर मुगमा मोड़ के निकट धनबाद के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगाए गए 1000 एमएम व्यास के क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मती रात में शुरू कर दी गई है। इस संबंध में पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि मुगमा मोड़ के निकट धनबाद के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगाए गए 1000 एमएम व्यास के पाइपलाइन को किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। उपायुक्त को इसकी सूचना मिलते ही उनके निर्देशानुसार युद्ध स्तर पर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मती हो रही है। कम से कम समय में मरम्मत पूरी करने के लिए मानवबल के साथ साथ जेसीबी मशीन एवं पंप का सहयोग लिया है। इसके कारण कल 1 अप्रैल तक धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना बाधित रहेगी। बताया कि इस आशय की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई गई है।

# बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को कार्यक्रम का आयोजन कर दी गई विदाई




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आज सेवानिवृत्त हो रहे 40 कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण, संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के परिजन भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए. समारोह के शुभारंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के दीर्घकालिक योगदान एवं समर्पण की सराहना की. कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन का विशेष शुभकामना संदेश भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने सभी कर्मियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की. मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में कर्मियों के परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अनुभवों ने संयंत्र को उत्कृष्टता के वर्तमान स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई उपहार भेंट किए और उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की मंगलकामना की. मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं. उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किए. मार्च 2026 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 10 अधिशासी एवं 30 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. समारोह के दौरान सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन-सेवाएँ) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी द्वारा प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी के बायो-डाटा का प्रस्तुतिकरण किया गया. बोकारो स्टील प्लांट के आरएम एवं एमएचपी विभाग में कार्यरत मुख्य महाप्रबंधक (आरएम एवं एमएचपी) धनंजय कुमार के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. सभी लोगों ने बोकारो स्टील प्लांट में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने अनुभवी मानव संसाधन के प्रति संवेदनशीलता और उनके योगदान के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करता है. अनुभवी कर्मियों का विदाई समारोह न केवल उनके परिश्रम को मान्यता प्रदान करता है, बल्कि यह वर्तमान कार्यबल के मनोबल को बढ़ाने और संगठन में एक सकारात्मक कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ करने में भी सहायक सिद्ध होता है.

# महिलाओं के बीच ट्रू गांधीयन समूह ने चलाया सदस्यता अभियान

## सदस्यों ने गांधी के विचार आत्मसात करने का लिया संकल्प




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 में ट्रू गाँधीयन समूह द्वारा महिलाओं के बीच सदस्यता अभियान चलाया गया। समूह की उपाध्यक्ष संध्या मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया और महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए संध्या मिश्रा ने ट्रू गाँधीयन समूह के उद्देश्यों एवं विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, समानता और सद्भाव के सिद्धांत आज भी समाज के पुनर्निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव, जात-पात और नफरत जैसी बुराइयों के खिलाफ संगठित होकर कार्य करें और एक सभ्य, सुसंस्कृत एवं समृद्ध समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर महिलाओं के बीच सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने गांधीयन विचारों का समर्थन करते हुए ट्रू गाँधीयन समूह के साथ मिलकर सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान कई महिलाओं ने समूह की सदस्यता भी ग्रहण की। बैठक में उपस्थित महिलाओं में कंचन देवी, आरती देवी, अंजू, खुशबू, अनु सिंह, पल्लवी, नेहा कुमारी, रीता कुमारी, सरोज सिंह, सीता देवी, पिंकी तिवारी, बिन्दु कुमारी के नाम उल्लेखनीय है।

# बीएसएल के सेंट्रल मेंटेनेंस मैकेनिकल विभाग में 'सुझाव मेला' का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग (आईईडी) के तत्वावधान में सेंट्रल मेंटेनेंस (मैकेनिकल) विभाग द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) सम्मेलन कक्ष में ह्यसुझाव मेलाह्ल का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) आर. के. बेहेरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उनके साथ महाप्रबंधक (सीएमएम) एस. के. मंगुआल, महाप्रबंधक (आईईडी) धीरज चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक महाप्रबंधक (सीएमएम) विपिन कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सुझाव मेले के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने इसे कर्मचारियों के लिए एक प्रभावी मंच बताया, जहां वे अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से परिचालन उत्कृष्टता एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से अपने सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित किया. इसके पश्चात वरीय प्रबंधक(आईईडी) श्रीमती प्रीति प्रिया द्वारा एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने सुझाव योजना के महत्व एवं उससे होने वाले लाभों को विस्तारपूर्वक समझाया. उन्होंने बताया कि व्यावहारिक एवं नवाचारी सुझाव न केवल संयंत्र के समग्र विकास में सहायक होते हैं, बल्कि सुझाव देने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक लाभ एवं सम्मान भी प्रदान किए जाते हैं, जिससे उनमें उत्साह एवं सहभागिता की भावना को बल मिलता है. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा संयंत्र में सहभागिता पूर्ण प्रबंधन एवं नवाचार की संस्कृति को सुदृढ़ करने में इस प्रकार की पहलों की महत्ता पर बल दिया. उपमहाप्रबंधक (सीएमएम) एस. एस. गर्ग एवं सहायक महाप्रबंधक (सीएमएम) मनीष ने भी अपने विचार साझा किए. कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा, कार्य कुशलता, लागत प्रभावशीलता एवं परिचालन विश्वसनीयता से संबंधित लगभग 50 सुझाव प्राप्त हुए, जो विभागीय कार्यप्रणाली के सुदृढ़ीकरण में सहायक सिद्ध होंगे. सुझाव प्रस्तुत करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन एवं सम्मान स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए.

# सिटी सेंटर में हिंदू सम्मेलन सम्पन्न सैकड़ों परिवार हुए शामिल





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शताब्दी वर्ष के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में अखिल भारतीय स्तर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा बस्ती सह 'हिन्दू सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में दयानंद नगर के 'सेक्टर 4ए सिटी सेंटर एवं सेक्टर 4ई' बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आज हर्षवर्धन प्लाजा (गणेश पूजा स्थल), सिटी सेंटर, सेक्टर-4 के प्रांगण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में सेक्टर 4ए सिटी सेंटर एवं सेक्टर 4ई में निवास करने वाले सनातनी परिवार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा का पाठ से हुआ। अगला कार्यक्रम रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों की भरपूर सहभागिता रही। प्रश्नों का सही जबाब देने वालों को उपहार के रूप में हनुमान चालीसा दिया गया। इसके बाद रवि जायसवाल द्वारा पात्र वर्णन कार्यक्रम में राम दूत महाबली हनुमान एवं हिंदू हृदय सम्राट हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी के विषय में भी विस्तृत रूप से सभी अवगत हुए। इसके पश्चात कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर समाज के लिए कुछ ना कुछ योगदान देने वाले वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया सम्मानित होने वालों में केदार सिंह, सुभाष नेत्रगांवकर, साधू जी, धनंजय सिंह, परमेश्वर लाल वर्णवाल के साथ गणेश मंडली एवं श्री राम मण्डली अखाड़ा प्रमुख रहे। सम्मेलन को सफल करने वालों प्रमुख रूप से शिव अग्रवाल, राज कुमार प्रिय, मनोज कुमार, अरविंद रस्तोगी, संजय ठक्कर, राज कुमार सिंह, विशाल गौतम, सुनील कुमार, अशोक सिंह, मिथिलेश कुमार, रंजीत कुमार वर्णवाल, परमेश्वर लाल वर्णवाल, राजकुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अघनू गोराई एवं दीनदयाल शर्मा शामिल हैं।

# बीएसएल में कर्मियों हेतु लीन मैन्युफैक्चरिंग एवं 5एस क्यूसी पर जागरूकता सत्र आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) स्थित रशियन कैंटीन में 'इंट्रोडक्शन टू लीन मैन्युफैक्चरिंग एवं 5एस/क्यूसी जागरूकता' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मिल्स जोन के विभिन्न शॉप्स से लगभग 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें औद्योगिक उत्कृष्टता की आधुनिक पद्धतियों से अवगत कराया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) पी. के. वर्मा एवं महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ए.एस. नंदी द्वारा किया गया. अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) पी. के. वर्मा ने लीन मैन्युफैक्चरिंग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ये तकनीकें परिचालन लागत को कम करने और लीड टाइम को घटाने में प्रभावी सिद्ध होती हैं. महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ए. एस. नंदी ने उपस्थित नए एवं संभावित सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए संयंत्र की प्रगति में उनकी भूमिका को रेखांकित किया. इस संपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का संचालन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सागरिका साहू द्वारा किया गया. उन्होंने सत्र के दौरान लीन मैन्युफैक्चरिंग की बुनियादी अवधारणाओं के साथ-साथ कार्यस्थल प्रबंधन की 5एस पद्धति और क्वालिटी सर्कल के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की. कार्यक्रम का सफल समन्वय हॉट स्ट्रिप मिल के ए. रजक और बिजनेस एक्सीलेंस टीम द्वारा किया गया. प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि संयंत्र के सभी क्षेत्रों में लीन मैन्युफैक्चरिंग की कार्य-संस्कृति को आत्मसात करने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के सत्र निरंतर आयोजित किए जाएंगे. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की परिचालन दक्षता और संगठनात्मक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है. लीन मैन्युफैक्चरिंग और 5एस जैसी पद्धतियों के व्यापक प्रसार से न केवल संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित होता है, बल्कि यह कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होता है, जो अंततः संयंत्र के दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति में मील का पत्थर साबित होगा.

# श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को श्रीराम शोभायात्रा एवं हिंदू सम्मेलन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एकल अभियान के युवा समिति के द्वारा प्रति वर्ष युवाओं के प्रेरणा और मयार्दा पुरुसोतम भगवान श्री रामचंद्र के परम भक्त श्री हनुमान के जन्मोत्सव पर भुईफोर मंदिर, धनबाद से हनुमान मंदिर, रणधीर वर्मा चौक तक भव्य शोभा यात्रा, गाजे बाजे व आकर्षक झांकीयों के साथ निकलता जाता है। इसी निमित्त एकल अभियान के उदय प्रताप सिंह कौशल पांडे आयुष तिवारी समेत अन्य सदस्यों ने मंगलवार को हीरापुर स्थित गांधी सेवा सदन में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि इस वर्ष भी 02 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के शुभअवसर पर दोपहर 3:00 बजे से श्री राम शोभायात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक झंडे, हनुमान जी, श्रीराम जी, छत्रपति शिवा जी, बिरसा मुंडा, बाहुबली हनुमान जी जैसे आकर्षक झाँकीयों के साथ अनेक शिव तांडव कर्तव्य, बाहर से ताशा टोली, जगह जगह इवेंट, इत्यादि कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रेस कांफ्रेंस में एकल अभियान



पूर्वी प्रभाग बी के अध्यक्ष रवींद्र ओझा, एकल अभियान के सदस्य कौशल पांडेय, श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, श्री राम शोभा यात्रा, धनबाद समिति से हर्ष राज, नीरज निखिल, अंकित कुमार, अलख नारायण पांडेय, रोहित कुमार, तृषाय, आयुष व अन्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK